प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

मंगलवार 18 जून 2024

● वर्ष 02 ● अंक 129

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2023

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## न्यूज अपडेट

### चालक ने पटरी पर दस शेर देखकर मालगाड़ी रोकी

**भावनगर/भाषा।** गुजरात के अमरेली जिले में पीपावाव बंदरगाह के पास एक मालगाड़ी के चालक ने सोमवार तड़के पटरियों पर दस शेरों को देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा उनकी जान बचाई। एक रेलवे अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के भावनगर खंड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह घटना तब हुई जब मुकेश कुमार मीणा पीपावाव बंदरगाह स्टेशन से साइडिंग (मुख्य गलियारे के बगल में एक छोटा ट्रैक) तक मालगाड़ी का संचालन कर रहे थे। विज्ञप्ति में कहा गया है, मीणा ने जैसे ही दस शेरों को पटरी पर आराम करते देखा उन्होंने आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। उन्होंने तब तक इंतजार किया जब तक शेर उठकर पटरी से दूर नहीं चले गए। इसके बाद उन्होंने ट्रेन को उसके गंतव्य तक पहुंचाया।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच माओवादी ढेर

**चाईबासा/भाषा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार को तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत कम से कम पांच माओवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से करीब 200 किलोमीटर दूर गुआ पुलिस थाना क्षेत्र के लिपुंगा इलाके के पास सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मुठभेड़ के बाद अब तक दो महिलाओं समेत पांच माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अलावा दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह चार शव बरामद किये गये, जबकि एक महिला माओवादी का शव बाद में तलाशी अभियान के दौरान बरामद किया गया।

### दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के नौसैनिक जहाज टकराए

**बीजिंग/मनीला/भाषा।** विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को स्थापित करने के लिए चीन-फिलीपीन टकराव ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया जब उनके नौसैनिक जहाजों के बीच पहली बार टकराव हुआ। बीजिंग द्वारा विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने के संदेह में विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद यह पहली ऐसी घटना हुई। चीन दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी उस पर हक जताते हैं जिसे लेकर क्षेत्र में गहरा विवाद है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पीएम मोदी ने देशवासियों को दी ईद-उल-अजहा पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को ईद-उल-अजहा पर देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से मिलजुल कर काम करने का आहवान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं देते हुए समाज में सद्भाव और एकता के और मजबूत होने की कामना की है।
राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को ईद-उज-जुहा की हार्दिक शुभकामनाएं! त्याग और बलिदान का यह त्यौहार हमें अपनी खुशहाली को सबके साथ, विशेषकर जरूरतमंद लोगों के साथ, बांटने का संदेश देता है। आइए इस अवसर पर हम सब सभी देशवासियों, विशेषकर वंचित वर्गों के लोगों के हित में, मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लें।
पीएम मोदी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करे। सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।

# पॉक्सो मामले में सीआईडी ने की येड्डीयुरप्पा से तीन घंटे तक पूछताछ



**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक में आपराधिक अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येड्डीयुरप्पा से 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण'(पॉक्सो) कानून के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की।

येड्डीयुरप्पा सीआईडी की टीम के समक्ष पेश हुए, जिसने उन्हें मामले के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था।

सीआईडी के एक अधिकारी ने कहा, ''उनसे तीन घंटे तक पूछताछ की गई।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी।

पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येड्डीयुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि इस साल दो फरवरी को येड्डीयुरप्पा ने यहां डॉलर कॉलोनी में अपने आवास पर मुलाकात के दौरान उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी।

येड्डीयुरप्पा (81) ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाएगी, जो उनके खिलाफ साजिश रचने में शामिल हैं।

पीड़िता के भाई ने पिछले सप्ताह अदालत में एक याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि मुकदमा दर्ज करने के बाद तीन महीने का वक्त बीत चुका है लेकिन जांच में किसी प्रकार की कोई प्रगति नहीं हुई।

## रियासी में बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए करेगी



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में एक बस पर हुए आतंकी हमले की जांच सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में नौ जून को तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकियों ने हमला कर दिया और 53 सीट वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गई। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे। इस घटना में तीन महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हुई थी और 41 लोग घायल हुए थे। एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में नौ जून को एक बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा किए जाने के एक दिन बाद एनआईए को मामले की जांच सौंपने का यह निर्णय लिया गया। यह बैठक रियासी जिले में बस पर हुए आतंकी हमले और केंद्र शासित प्रदेश में कुछ अन्य आतंकी घटनाओं के मद्देनजर बुलाई गई थी। आतंकवादियों ने 11 जून को भद्रवाह के चट्टरगल्ला में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की।

## 'रेल दुर्घटना के लिए मोदी सरकार का कुप्रबंधन जिम्मेदार'

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि इसके लिए मोदी सरकार का



कूप्रबंधन जिम्मेदार है। खरगे ने सोमवार को यहां जारी संदेश में कहा कि दुर्घटना में पीड़ित लोगों और परिजनों को तत्काल मुआवजा दिया जाना चाहिए और उनको चिकित्सा मदद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंचनजंगा एक्सप्रेस रेलगाड़ी का दुर्घटना ग्रस्त होना और उसमें लोगों का हताहत होना दुखद है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार के अधीन रेल मंत्रालय में कुप्रबंधन रहा है।

# कंचनजंगा एक्सप्रेस न्यू जलपाईगुड़ी के पास हादसे का शिकार; 15 की मौत, लगभग 60 से ज्यादा घायल

## पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं CM ममता समेत कईयों ने जताया दुख



**कोलकाता ।**

बिहार-बंगाल की सीमा के पास एक भीषण ट्रेन हादसा हुआ है। रांगापानी रेलवे स्टेशन पर सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद कंचनजंगा एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हुए हैं। यह दुर्घटना न्यू जलपाईगुड़ी के पास हुआ। रेलवे की टीम जांच में जुट गई है। हादसे के बाद से ही रेल परिचालन ठप हो गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हादसे को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना पर दुख जताया है।
अश्विनी वैष्णव ने इस रेल दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि एनएफआर जोन में दुर्भाग्यपूर्ण हादसा। बचाव कार्य जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल में पहुंचाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार बंगाल सीमा पर हुए इस दर्दनाक हादसे में अबतक पांच लोगों की मौत हो गई है एवं कई गंभीर रूप से घायल है
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, कि दार्जिलिंग जिले के फनसीदेवा इलाके में रेल दुर्घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। इस घटना को लेकर अन्य जानकारी का इंतजार है। कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। बचाव के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और आपदा टीमों को घटनास्तल पर भेजा गया है। कार्रवाई शुरू हो गई है।

# मणिपुर में हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्च स्तरीय बैठक में दिया निर्देश




**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राज्य में हिंसा की कोई और घटना न हो तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्रीय पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जानी चाहिए। शाह ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा के बाद यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए और केन्द्र सरकार आवश्यकता पड़ने पर इससे भी ज्यादा केंद्रीय पुलिस बलों को भेजने के लिए तैयार है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राहत शिविरों की स्थिति, विशेष रूप से भोजन, पानी, दवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उचित उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उनके पुनर्वास का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने मौजूदा जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों, मैतेई और कुकी से बात करेगी ताकि दोनों समुदायों के बीच की खाई को पाटा जा सके। केन्द्र सरकार राज्य में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने में मणिपुर सरकार का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है।

## विधानसभा चुनाव के लिए शिवराज चौहान बने प्रभारी, हेमंता विश्वा शर्मा सह-प्रभारी



**नई दिल्ली ।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड सहित महाराष्ट्र, हरियाणा एवं जमू- कश्मीर में होने वाले
विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। झारखंड के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए असम के मुयमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया है। बीते लोकसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा ने 14 लोकसभा सीटे जीतने का
लक्ष्य तय किया था लेकिन उसे कुल नौ सीटों पर ही जीत मिली। वर्ष 2019 की अपेक्षा पार्टी को तीन सीटों का नुकसान हुआ। एसटी के लिए आरक्षित पांच सीटों सभी पर पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा।

# राहुल ने वायनाड सीट छोड़ी, वहां से प्रियंका लडेंगी चुनाव



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की और कहा कि वहां से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी।

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गांधी, श्रीमती वाड्रा और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल उपस्थित थे।

गांधी ने पार्टी अध्यक्ष खरगे और श्रीमती वाड्रा की उपस्थिति में मीडिया के समक्ष यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान निर्णय नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। श्रीमती वाड्रा ने इस निर्णय पर खुशी जतायी है।

गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है।

## कांग्रेस ने अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने अग्निपथ योजना को खत्म करने की सोमवार को मांग करते हुए सरकार से सशस्त्र बलों में पहले की तरह स्थायी भर्ती शुरू करने का आग्रह किया। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी नेता दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं जिसमें सेना के आंतरिक सर्वेक्षण में अग्निपथ योजना से जुड़ी कई खामियां बताई जा रही हैं और कई तरह के सुझाव सामने आए हैं।

# स्वतंत्रता के बाद से आम सहमति से चुने जाते रहे हैं लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्ष अगले सप्ताह लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए उम्मीदवार उतारकर यदि चुनाव की स्थिति उत्पन्न करता है तो यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा, क्योंकि पीठासीन अधिकारी का चयन हमेशा आम सहमति से होता रहा है।

स्वतंत्रता से पहले संसद को केंद्रीय विधानसभा कहा जाता था और इसके अध्यक्ष पद के लिये पहली बार चुनाव 24 अगस्त 1925 में हुआ था जब स्वराजवादी पार्टी के उम्मीदवार विट्ठलभाई जे. पटेल ने टी. रंगाचारियर के खिलाफ यह चुनाव जीता था। अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले गैर-सरकारी सदस्य पटेल ने दो वोटों के मामूली अंतर से पहला चुनाव जीता। पटेल को 58 वोट मिले थे, जबकि रंगाचारियार को 56 वोट मिले थे।

लोकसभा में अपनी बढ़ी हुई ताकत से उत्साहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अब आक्रामक तरीके से उपाध्यक्ष के पद की मांग कर रहा है, जो परंपरागत रूप से विपक्षी दल के सदस्य के पास होता है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यदि सरकार विपक्ष के नेता को उपाध्यक्ष बनाने पर सहमत नहीं होती है तो हम लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिस दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और अध्यक्ष का चुनाव होगा। लोकसभा चुनाव में 'इंडि' ने 234 सीटें जीतीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी। 16 सीटों के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और 12 सीटों के साथ जनता दल (यू) भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी हैं। भाजपा ने 240 सीटें जीती हैं। विपक्षी गठबंधन भाजपा की सहयोगी तेदेपा पर भी लोकसभा अध्यक्ष के पद पर जोर देने या पार्टी में धीरे-धीरे विघटन का सामना करने के लिए कह रहा है।

## न्यूज़ अपडेट

### दलमा जंगल के गांवों के विकास पर सालाना खर्च होंगे 50 लाख रुपये

**जमशेदपुर।** हाथियों के अभ्यारण्य दलमा के करीब 85 गांवों के विकास के लिए एक नई रेखा खींची गई है। दलमा में आने वाले पर्यटकों से होने वाली कमाई से इन गांवों के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके तहत काम शुरू कर दिया गया है।दलमा में इंट्री फीस से दिसंबर से मार्च तक 25 लाख से अधिक की कमाई होती है। सालभर में इंट्री फीस और विभिन्न मद में अमूमन 50 लाख की कमाई होने का अनुमान है। हर साल काम के लिए पहले से ही योजना बनाई जाएगी। स्थानीय गांवों की ग्रामसभा के माध्यम से विकास कार्य होंगे। इसके तहत लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जलाशयों का किया जाएगा निर्माण दलमा में जलाशय बनाए जाएंगे, जहां मछली पालन होगा। इससे ग्रामीणों की आमदनी बढ़ेगी। जंगल में मछली पालन का लाभ यह है कि लोगों को रोजगार भी मिलता है और जानवरों को पानी भी। इसके अलावा कलवर्ट, चेकडैम, स्ट्रीट लाइट व पानी की परियोजनाएं लगाई जाएंगी। वहीं, पशुपालकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ग्रामीणों से मांगें गए हैं विकास के प्रस्ताव दलमा वन्यजीव अभयारण्य की तरफ से ग्रामीणों से विकास करने के लिए प्रस्ताव मांगें गए हैं। ग्रामीणों को प्रस्ताव भेजना है कि गांव के विकास के लिए क्या करना है और रोजगार के लिए वन विभाग से उन्हें क्या उम्मीदें हैं, ताकि क्षेत्र में वन विभाग योजना बनाकर विकास काम कर सकें।

### 29 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण से पूर्व ही दरकने लगी है।



**जमशेदपुर।** गम्हरिया प्रखंड के रापचा, बुरूडीह व कालिकापुर पंचायत के कई गांवों को जोड़ने के लिए करीब 29 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण से पूर्व ही दरकने लगी है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा सोमवार को निर्माणाधीन सड़क पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माता एजेंसी अभिषेक कंस्ट्रक्शन के संवेदक अभिषेक कुमार का भी घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आरसीडी विभाग की ओर से करीब 29 करोड़ की लागत से पिंड्राबेड़ा चौक से बुरूडीह, मुर्गाघुटू होते हुए सालडीह मोड़ तक करीब 16.3 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें एक सप्ताह पूर्व बुरुडीह में शुरू किया गया सड़क अभी से ही कई जगहों पर दरकने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए अविलम्ब संवेदक पर कार्रवाई करते हुए सड़क को दुरुस्त करने की मांग किया। इस दौरान प्रदर्शन पूर्व मुखिया सोखेन हेंब्रम, ग्राम प्रधान रघुनाथ मंडल, सावना सोरेन, कविलाल मंडल, वृहस्पति मंडल, माताल माझी, रवींद्र नाथ सोरेन, तलंग मुर्मू, गोपाल सोरेन, लक्ष्मी सोरेन, सोहागी मुर्मू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस बाबत एजेंसी के संवेदक अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क फटा नहीं है, बल्कि कुछ दिनों से अत्यधिक तापमान बढ़ने से हेयर क्रेक हुई है। इसी कारण सड़क में जगह-जगह दरार हो गई है। तापमान में सुधार होने के बाद दरार वाली जगहों को पुनः ठीक कर दिया जाएगा।

### कांड्रा एसकेजी कॉलोनी के एक घर में निकला 6 फीट का धामन सांप

**जमशेदपुर।** कांड्रा एसकेजी कॉलोनी स्थित के0 दुर्गा राव के घर में सोमवार की शाम निकले करीब 6 फीट धामन सांप को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सांप को देख लोगो में हड़कंप मच गया और उसे देख परिवार के सदस्य भी घर के बाहर भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत इसकी जानकारी सांप पकड़ने वाले सरायकेला के राजा बारिक को दी। सूचना मिलते ही राजा बारीक तत्काल मौके पर उंक्त सांप को पकड़ने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर उंक्त सांप को पकड़ लिया गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### सीएम से मिला डीलर्स एसोसिएशन

**जमशेदपुर।** झारखंड फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव फुलकान्त झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को झिलिंगगोड़ा स्थित आवास जाकर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मिला। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से समक्ष जविप्र के दुकानदारों की समस्याओं को रखा। उन्होंने इन समस्याओं के बावत वार्ता हेतु सीएम से समय निर्धारित करने की मांग की। साथ ही, फुलकान्त झा ने बड़ा गम्हरिया बस्ती स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार कराने की मांग की। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें इसपर जल्द पहल करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान एसोसिएशन के कई सदस्य भी मौजूद रहे।

### टीजीएस कंपनी का ठेकाकर्मी 15 दिनों से गायब, खोजबीन करने की मांग



**जमशेदपुर।** गम्हरिया प्रखंड के शंकरपुर ग्राम निवासी टीजीएस कंपनी का ठेकाकर्मी 40 वर्षीय अरूप सोरेन का 15 दिनों बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। इससे आक्रोशित परिजन ग्रामीण व कामगारों द्वारा थाना में प्रदर्शन कर प्रशासन से उसकी खोजबीन करने की मांग की गई। इस दौरान लापता सोरेन की पत्नी सपना सोरेन ने बताया कि बीते 29 मई की रात से ही वे लापता हैं। इस मामले की जानकारी होने के बाद खेरवाल सांवता जाहेरगाड़ समिति, कालिकापुर के सदस्यों द्वारा सचिव भोमाराम माझी के नेतृत्व में उसकी खोज शुरू की गई। इस दौरान उन्हें पता चला कि बीते 29 मई की देर रात जेवियर स्कूल मोड़ के पास वह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया था। घायलावस्था में पुलिस की मदद से उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया था। लेकिन अस्पताल में भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। इधर, गम्हरिया थाना में भी दिए गए आवेदन पर पुलिस द्वारा भी कोई रूचि नहीं दिखाई गई। इससे परिजन व अन्य ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस तत्काल उसकी खोज में जुट गई है।

# कोल्हान के मस्जिदों एवं ईदगाह में नमाजियों ने नमाज अदा कर मांगी अमन-चेन की दुआ

**जमशेदपुर।**



कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला क्रमशः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के शहर से लेकर गांव तक तक सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों और इदगाहों में जहां नमाजियों में नमाज अदा कर अमन-चेन की दुआ मांगी, वहीं एक दूसरे को गले लगकर मुबारकवाद भी दीं। कोल्हान प्रमंडल के जमशेदपुर, घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका, चाईबासा, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, आदित्यपुर, सरायकेला, खरसावां, राजनगर, समेत सभी क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह उठकर फजर की नमाज अदा की। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान पहुंचे जहां पूर्वजों के हक में दुआ मांगी गई। घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में सोमवार को बकरीद की नमाज अदा की है. समुदाय के लोगों ने नमाज के बाद कुर्बानी दी. घाटशिला मुस्लिम बस्ती में पूरे उत्साह के साथ बकरीद का त्योहार मनाया गया. समुदाय के लोगों ने निर्धारित समय पर मऊभंडार ईदगाह एवं घाटशिला फूलपाल नवाब कोठी आदि मस्जिदों में सामूहिक रूप से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई दी. ईद-उल-अजहा के बारे में डॉ. कमर अली ने बताया कि इस्लाम की मान्यता के अनुसार ईद के 70 दिन बाद बकरीद मनाई गई। इस दिन सबसे प्रिय वस्तु की कुर्बानी देने की परंपरा रही है। बकरीद मनाने के पीछे हजरत इब्राहिम के जीवन से जुड़ी एक बड़ी घटना है. बकरीद को लेकर घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी जवानों के साथ मस्जिद के बाहर तैनात थे। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी दी गई। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कुर्बानी का त्योहार बकरीद बड़ी धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर चिंगड़ा ईदगाह में सुबह 7 बजे, बहरागोड़ा ईदगाह में 8 तथा माटिहाना ईदगाह पर 7 बजे बकरीद की नमाज अदा की गई. नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की शुभकामनाएं दी. बहरागोड़ा के ईदगाह में मौलाना रब्बानी के नेतृत्व में सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज पढ़ी। डुमरिया प्रखंड के बड़ाकांजिया मस्जिद में सोमवार को बकरीद की नमाज अदा की गई. बड़कांजिया स्थित मस्जिद ए हस्नैन में मौलाना रुकमुद्दीन ने नमाज अदा कराई. नमाज के बाद लोगों एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी. डुमरिया और नयाग्राम स्थित मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई. इस दौरान डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा मस्जिदों में जाकर लोगों से मिले. प्रखंड की तीनों मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाया गया. बच्चों ने भी एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

## सनातन उत्सव समिति ने साकची में लगायी छबील

**जमशेदपुर।**



हिंदूवादी स्वयंसेवी संगठन सनातन उत्सव समिति ने सोमवार को साकची हनुमान मन्दिर के समक्ष छबील लगाकर राहगीरों में चना शर्बत का वितरण कर सेवा कार्य किया। समिति की महिला इकाई ने कार्यक्रम का अगुवाई किया। कड़कड़ती गर्मी में गुरु अर्जन देव जी की शहादत को याद कर आम राहगीरों के मध्य ठंडी सरबत और चने का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, भाजपा नेता दिनेश कुमार, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, अरुण सिंह, गुरदीप सिंह पप्पू, सतबीर सिंह सोमू, जोगिंदर सिंह जोगी, अप्पू तिवारी, चिंटू सिंह, महेश सिंह, वीर सिंह, सोनू ठाकुर मौजूद रहें। आयोजन में सक्रिय रूप से सनातन उत्सव समिति के महिला इकाई का योगदान रहा। जिसमें मीरा सिंह, ममता सिंह, मुस्कान गोराई, पीहू सिंह, रेणु देवी, खुशी सिंह, प्रिया सिंह, मनीषा दयाल, रिया सनातनी, सारथी मुंडा के अलावे विशेष रूप से अंकित आनंद, सुशील पांडेय, अमित सिंह, ललित राव, राहुल दुर्गे, कुलदीप सिंह, अमित प्रसाद, हृतिक चौबे, अभिकान्त ओझा, अमृत सिंह, सुजल कुमार, हर्ष अग्रवाल, नरेंद्र सिंह पिंटू, अमन सिंह, रॉकी सिंह, साहिल पति, संदीप सिंह,विक्रम पंडित, आशीष मिश्रा, लकी कुमार, अर्जुन सिंह, राहुल, प्रदीप सहित अन्य मौजूद थें।

## नवीनतम अभियान यिप्पी टॉस दर्शकों को करेगा प्रभावित

**जमशेदपुर।**

आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड, सनफीस्ट यिप्पी एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह मजेदार अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉन-स्टिकी हैं। यिप्पी टॉस अभियान को देश भर के कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा। ब्रांड को पूरा भरोसा है कि यह अभियान अपने दर्शकों को प्रभावित करेगा और उन्हें यिप्पी टॉस खेलने के लिए प्रेरित करेगा,




ताकि दोस्तों के बीच होने वाले मजेदार झगड़ों को सुलझाया जा सके, बिल्कुल हमारे पसंदीदा क्रिकेट सितारों की तरह। इस संबंध में आईटीसी लिमिटेड के स्नैक्स, नूडल्स और पास्ता, फूड बिजनेस की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कविता चतुर्वेदी ने कहा कि भारत में क्रिकेट एक भावना है और इस खेल और यिप्पी! नूडल्स के स्वादिष्ट स्वाद को एक साथ लाने से बेहतर हमारे उपभोक्ताओं से जुड़ने का कोई और तरीका नहीं है। यह अभियान हमारे ब्रांड की चंचल ऊर्जा और दोस्तों और परिवार के साथ यिप्पी! का एक कटोरा खाने की खुशी का जश्न मनाता है।

## मानसून से पहले कोल्हान प्रमंडल समेत कई जिलों में हुई बारिश, जमशेदपुर में पारा 5 से 10 डिग्री तक गिरा

**जमशेदपुर।**

झारखंड में मानसून के आने के अब तक कोई संकेत नहीं मिल रहे. राहत की बात यह है कि कई जिलों में बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। मानसून के झारखंड में आने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं. लेकिन, मानसून के आने से पहले लौहनगरी और राजधानी रांची समेत कई जिलों में बारिश हुई. ।बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। शहर समेत पूरे कोल्हान में लोगों ने दो दिन से तपिश से थोड़ी राहत महसूस की। पिछले एक सप्ताह से प्रचंड धूप, भीषण लू और 44.0 डिग्री तापमान की वजह से कोल्हान जल रहा था. वहीं आज सुबह से ही हवा में थोड़ी ठंडक और हल्के बादल छाये रहने के कारण तापमान में भी कमी आय। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अब तेज हवा के



साथ हो सकती है. इससे तपिश से राहत मिलने की संभावना है. रविवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों में 40.0 डिग्री से कम तापमान दर्ज किया गया. जमशेदपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक होने के बावजूद 39.8 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 2.3 डग्री अधिक 28.0 डिग्री दर्ज किया गया. सरायकेला में अधिकतम तापमान समान्य से 6.9 डिग्री कम 39 डिग्री रहा. वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले में अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री नीचे 33.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार की रात को रांची के कुछ इलाकों में हुई बारिश के बाद सुबह ठंडी हवाएं भी चलीं. आसमान में बादल छाए रहे। उधर, संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल में भी कहीं-कहीं देर रात को राहत की बारिश हुई. इसके बाद रांची समेत कई जिलों में सुबह आसमान में बादल देखे गए. 7 बजे के बाद थोड़ी देर के लिए सूरज निकला, लेकिन फिर बादल की ओट में छिप गया. सुबह ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली. रांची सहित झारखंड के आधा दर्जन जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में इसके और गिरने का अनुमान है. केवल पलामू प्रमंडल में ही लू की स्थिति है। यह सोमवार को भी जारी रही। इसके बाद वहां भी लोगों को लू से निजात मिल सकती है. वैसे, राज्य में मानसून के प्रवेश के कोई संकेत अभी तक नहीं मिले हैं। रविवार की रात तक राजधानी रांची, जमशेदपुर, जामताड़ा, सिमडेगा, कुरडेग में अच्छी बारिश हुई. बारिश के बाद सोमवार को सुबह का मौसम सुहाना हो गया।

### अपराध पर नियंत्रण के लिए बड़े थानों में बढ़ाए जाएंगे आउटपोस्ट

**जमशेदपुर।** अपराध नियंत्रण के लिए जिले के सभी बड़े थानों में आउटपोस्ट बढ़ाए जाएंगे। ये आउटपोस्ट सहायक थाना के रूप में काम करेंगे। इसके लिए सभी थानों की मैपिंग भी की जा रही है। आबादी और क्षेत्र के आधार पर बड़े थाना इलाकों को दो भागों में बांटा जाएगा। वर्तमान में जिले में तीन सहायक थाने हैं, जिनमें उलीडीह, गालूडीह और मऊभंडार शामिल हैं। इन थानों की एफआईआर उनके मुख्य थानों में दर्ज की जाती है। इसके लिए मैपिंग की प्रकिया जल्द ही शुरू होगी।चार आउटपोस्ट बढेंगे इसमें जो प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है उसमें एमजीएम, जुगसलाई, बर्मामाइंस और घाटशिला में आउटपोस्ट बनाए जाने की योजना है। इन थानों का प्रारंभिक स्तर पर आंकलन किया जा रहा है। गश्त बढेंगे, थानों की निकटता बढेगी सर्वाधिक असर पुलिस पेट्रोलिंग पर पड़ेगा। आउट पोस्ट में तीन पेट्रोलिंग वाहन और दो टाइगर मोबाइल दिए जायेंगे जो उस इलाके में लगातार गश्त करेंगे। इसमें केस के अनुसंधान और आरोप पत्र समर्पित करते हुए आरोपी को सजा दिलाने में सहूलियत होगी। एक पूर्ण थाना की जो पुलिस संरचना होती है वह आउटपोस्ट की भी होगी लिहाजा अपराधियों के धरपकड़ में भी आसानी होगी। इसलिए पड़ी है आउटपोस्ट की आवशयकता इन थाना इलाकों में जनसंख्या घनत्व बढा है साथ ही शिकायतों की संख्या बढी है। मिसलेनियस केस की अधिकता के चलते और ऑन दि स्पॉट जांच में कमी आयी है। आउटपोस्ट के बनने से एक निर्धारित समय सीमा में स्थल निरीक्षण होगा और इससे केस की रिपोर्टिंग से लेकर लोगों को इंसाफ मिलने में समय कम लगेगा। दूसरे थाने में अधिकृत होगी एफआईआर सहायक थाना में सीधे केस दर्ज नहीं होगा। यहा आने वाली शिकायतों को एफआईआर इंट्री के बाद उसे मुख्य थाना में भेजा जाएगा जहां से मुख्य थाना के निरीक्षक के द्वारा उसे अधिकृत किया जाएगा। इसके बाद एफआईआर को कोर्ट भेजा जाएगा।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक विधायक सरयू राय ने बूथ प्रभारी से की चर्चा की

**जमशेदपुर।**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में आयोजित हुई. बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी विधानसभा प्रत्येक मंडलों में बूथ प्रभारियों एवं भवन प्रभारियों से चर्चा की गई. सभी भवन प्रभारियों को अपने भवन के अंतर्गत आने वाले बूथों की संरचना को मजबूत करने, व्यापक रूप से प्रत्येक बूथ में भ्रमण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया गया. एक बूथ में 10 व 10 से अधिक सक्रीय और सजग कार्यकर्ताओं की टोली बनाने का निर्देश दिया गया। श्री राय ने कहा की चुनाव के लिए सबसे प्रमुख भवन है. पूर्वी विधानसभा अंतर्गत 120 भवन है. सभी पदाधिकारी मंडलवार



भवनों में ध्यान दे. कई भवनों में एक ही बूथ है, कहीं 2,3 एवं 4 बूथ है. आज भवन प्रभारियों व मंडल के पदाधिकारियों की बैठक है. मंडलों की बैठक भी भवन में ही करेंगे. भवन के स्तर पर संगठन बहुत मजबुत है. जिला पदाधिकारी भवन पर ध्यान दे और भवन प्रभारी अपने बूथ को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करे. संगठन के सभी जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया की वे बूथों में प्रवास कर कार्यकताओं से संवाद करेंगे. जुलाई-अगस्त तक 1,000 लोगों को एक विराट सम्मेलन आयोजन किया जाएगा। श्री राय ने ऐलान किया आगामी चुनाव में भाजमो को थर्ड फ्रंट के रूप में खड़ा करेंगे. आगामी 19 तारीख को राँची में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजमो की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी और इस राज्य के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विधानसभा की सीटों पर चुनाव लडने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, मंजु सिंह, अमित शर्मा, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, वंदना नामता, आकाश शाह, सुधीर सिंह, काशीनाथ प्रधान, काकोली मुखर्जी, विजय नारायण सिंह, बिनोद राय, बिनोद यादव, जयप्रकाश सिंह, महेश तिवारी, कैलाश झा, अभय सिंह, वरूण सिंह, दुर्गा राव, असीम पाठक, प्रसंजीत सिंह, पुतुल सिंह, रंजीता राय, शुशील खड़का, अमर चंद्र झा सहित बड़ी संख्या में भवन प्रभारी वा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक्सएलआरआइ अच्छे मैनेजर के साथ ही बेहतर इंसान भी तैयार करता है: टीवी नरेंद्रन

**एक्सएलआरआइ के 75 वर्ष पूरे होने पर दो दिवसीय ओडिसी का हुआ आयोजन**

**जमशेदपुर।**

एक्सएलआरआइ की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर टाटा ऑडिटोरियम में दो दिवसीय ओडिसी का आयोजन किया गया. जिसमें एक्सएलआरआइ के सभी प्रोफेसरों के साथ ही पूर्व प्रोफेसरों व संस्थान के 45 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एक्सएलआरआइ की एडमिनिस्ट्रेशन डीन फादर डोनाल्ड डिसूजा, एकेडमिक डीन प्रोफेसर संजय पात्रो, एक्सएलआरआइ एल्यूमनी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राणावीर सिन्हा मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान सभी को संबोधित करते हुए टीवी नरेंद्रन ने कहा कि एक्सएलआरआइ




जैसे संस्थान मजबूत सोशल वैल्यूज प्रदान करते हैं जो कि इस संस्थान की यूएसपी है. कहा कि एक्सएलआरआइ के शिक्षकों द्वारा जिस प्रकार से देश व समाज को अच्छे मैनेजर के साथ ही बेहतर इंसान भी तैयार करते हैं. उन्होंने सभी प्रोफेसरों के साथ ही पूर्व प्रोफेसर व विद्यार्थियों का स्वागत किया. इस दौरान एक्सएलआरआइ के डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसूजा ने कहा कि एक्सएलआरआइ के साथ लोगों का एक इमोशनल जुड़ाव है. यही वह जुड़ाव है जो यहां से पढ़ कर बड़े पदों पर आसीन छात्र-छात्राओं को भी वापस उनके कॉलेज तक लाता है. कार्यक्रम के दौरान एक पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया. जिसे प्रो. सुनील कुमार षाड़ंगी ने संचालन किया. इसमें कुल छह पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इसमें प्रो. रश्मि मेहतो, प्रो रेनू मद्धू, प्रो. जीतू सिंह, रोनाल्ड डिकॉस्टा समेत अन्य ने अपने पक्ष रखे.

न्यूज़ अपडेट

## वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, अच्छी बारिश के लिए की प्रार्थना



**रांची**। राजधानी के धुर्वा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सोमवार को पूजा-अर्चना की। इस दौरान रथ मेला की तैयारियों की समीक्षा भी की। मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने भगवान जगन्नाथ से अच्छी बारिश के लिए भी प्रार्थना की है ताकि किसानों सहित आम जनजीवन को भी राहत मिल सके। उरांव ने कहा कि इस बार भी रथ मेला का आयोजन पुरानी परंपरा और भव्यता के साथ होगा। इसके लिए राज्य सरकार सभी आवश्यक सहयोग करेगी। रथ यात्रा का धार्मिक महत्व के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी है। सात जुलाई को आयोजित रथ यात्रा सह मेला में राज्य के कोने-कोने से एवं दूसरे प्रदेशों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु आयेंगे। मंत्री ने रथ मेला की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने रथ यात्रा की तैयारी में लगे स्थानीय कारीगरों से भी मुलाकात की और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। निर्माण हो रहे रथ के कार्यों पर भी संतोष जाहिर किया। इस दौरान आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता (छोटू) ने भी भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति गठित



**रांची**। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति सोमवार को गठित की गई। साथ ही खेलों का प्रशिक्षण सुचारू रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में पहले की तरह शुरू करने का निर्णय लिया गया। कुछ खेलों का प्रशिक्षण चल भी रहा है। इसके लिए सभी की अनुमति से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ की एक समिति का गठन किया गया। इसमें सभी के सहयोग से हमेशा हर सप्ताह किसी न किसी खेल का एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराते रहने का निर्णय भी लिया गया। इससे सभी खेल का और खिलाड़ियों का विकास हो सके। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद झा, मिथलेश कुमार सिंह, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा को बनाया गया है। दीपक वर्मा को अध्यक्ष, गौतम सिंह, गणेश कुमार गुप्ता,नीरज वर्मा, संतु कुमार, आचार्य प्रहलाद, ऋषि केश लाल को उपाध्यक्ष, ब्रजेश गुप्ता को महासचिव, अमरजीत कुमार, अनंत नाग चंदन, चंदन कुमार, पंकज जोसेफ को सह सचिव बनाया गया है। अंश वर्मा को सह सचिव, सचिन लोहार को सह कार्यालय प्रभारी और शमा टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में किक बॉक्सिंग, कराटे, चॉकबॉल, कॉर्फबॉल, टेनिस वॉलीबॉल,ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, वुडबॉल, नेटबॉल, थ्रो बॉल, मिक्सड नेटबॉल, फुटबॉल, योग सहित अन्य खेल संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## किसान समेत तीन की मौत, ढाई घंटे तक सड़क जाम



**पलामू**। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान तीन सड़क हादसे हुए, जिसमें किसान समेत तीन की मौत हो गयी। पहली घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह बगनी झरिया में हुई, जहां अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार नावाबाजार के राजू प्रजापति (25) की मौत हो गयी। राजू गढ़वा के रमकंडा बारात जा रहा था। दूसरी घटना हरिहरगंज थाना क्षेत्र के दुबटिया मोड़ के समीप एम्बुलेंस के टक्कर से मोपेड सवार किसान केशवर साव (65) की मौके पर ही मौत हो गयी। केशवर हरिहरगंज से धान की बीज खरीदकर पिपरा थाना क्षेत्र के होल्या गांव अपने घर जा रहे थे। घटना सोमवार सुबह 9 बजे की है। घटना के बाद मृतक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच को ढाई घंटे तक जाम रखा। हरिहरगंज और पिपरा थाना पुलिस अधिकारियों के समझाने पर तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन देने पर सड़क से जाम हटाया गया। जाम के कारण सड़क के दोनों छोर पर वाहन की लंबी कतार लगी रही। तीसरी घटना लातेहार के नेतरहाट जाने के दौरान नेतरहाट से 20 किलोमीटर पहले हुई। बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के पिपरौरा गांव के स्व. रघुवंश सिंह का पुत्र गौरव आनंद (42) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। गौरव अपने परिवार के साथ कार से नेतरहाट घुमने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनकी कार पेड़ से टकरा गयी, जिसमें कार पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया। जहां इलाज के क्रम में गौरव आनंद की मौत हो गयी। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। गौरव आनंद के शव का एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के समय हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह मौके पर मौजूद थे। गौरव आनंद हुसैनाबाद के चकपर गांव के सत्येन्द्र सिंह के दामाद थे।

## हजारीबाग में 35 लोगों ने किया रक्तदान



**हजारीबाग**। आरोग्यम अस्पताल के सहयोग से आरोग्यम ब्लड बैंक में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने आयोजक मंडली के इस कार्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्त जीवन का सबसे अमूल्य रत्न है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। उल्लेखनीय कि आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह किया जा रहा है ताकि आने वाले मरीजों तथा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध करवाया जा सके।

# फरवरी में प्रयागराज में ज्ञान महाकुंभ आयोजित करेगा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

### देश के चार क्षेत्रों में ज्ञान कुंभ आयोजित करने के बाद फ़रवरी में ज्ञान महाकुंभ का होगा आयोजन- अतुल कोठारी

**राँची, झारखंड।**

जिस प्रकार प्राचीन भारत में ऋषि मुनि समस्याओं के समाधान हेतु नैमिषारण्य में एकत्रित होते थे, उसी प्रकार न्यास के इस ज्ञान महाकुंभ में शिक्षा के सभी घटक एक साथ एकत्रित होकर देश की शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु मंथन करेंगे। प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस ज्ञान महाकुंभ से पूर्व देश के चार अलग अलग भागों में ज्ञान कुंभ आयोजित किए जाएँगे, जिसमें उत्तरं क्षेत्र का हरिद्वार में, पश्चिम का कर्णावती में, पूर्व का नालंदा में, दक्षिण का पुडुचेरी में आयोजित किए जाएँगे। इस ज्ञान महाकुंभ से निश्चित ही देश की शिक्षा को एक नया विकल्प देने की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस ज्ञान कुंभ की महत्त्वता इससे ही समझी जा सकती है कि देशभर के सैकड़ों कार्यकर्ता 1 माह से लेकर 1 वर्ष तक का समय दान करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस ज्ञान महाकुंभ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री सुरेश गुप्ता ने न्यास के नये दायित्वों की घोषणा करते हुए बताया कि केरल के ए विनोद अब न्यास के राष्ट्रीय संयोजक होंगे, महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष डॉ अजय तिवारी आत्मनिर्भर भारत विषय के राष्ट्रीय संरक्षक होंगे, मध्यप्रदेश के श्री अशोक कड़ेल मध्यक्षेत्र के अध्यक्ष होंगे, साथ ही झाबुआ के ओम शर्मा मध्य क्षेत्र के संयोजक बनाये गये। श्री सुरेश ने बताया कि न्यास ने भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर कार्य आरम्भ किया है, जिसके राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में दिल्ली के प्रो रमेश भारद्वाज कार्य देखेंगे।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए विनोद ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16-17 अगस्त 2024 को प्रचार-प्रसार की राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में आयोजित की जाएगी, 13,14,15 सितंबर 2024 को चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास के विद्यालय व महाविद्यालय स्तर की राष्ट्रीय कार्यशाला रायपुर में आयोजित की जाएगी, 21-22 सितंबर पर्यावरण विषय की राष्ट्रीय बैठक उदयपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि आगामी 18-19 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक गुजरात के सोमनाथ में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष देशभर के चार भागों में होने वाले ज्ञान कुंभ नवम्बर दिसम्बर माह में आयोजित किए जाएँगे, साथ ही प्रयागराज में होने वाले ज्ञान महाकुंभ की दिनांक 7,8,9 फ़रवरी 2025 रहेगी।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की इस राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग के विषय में जानकारी देते हुए कार्यशाला संयोजक डॉ विजय सिंह ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में न्यास के विभिन्न प्रांतों के चयनित कार्यकर्ताओं को निमंत्रित किया गया था और वर्ग में उपस्थित रहने से पूर्व कार्यकर्ताओं को तैयारी की दृष्टि से कुल 6 कार्य दिये गये थे। कार्यकर्ता विकास के लिए आयोजित इस वर्ग में न्यास की कार्य पद्धति, कार्य शैली, प्रवास, पंचपरिवर्तन (कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी व स्वबोध) समन्वय जैसे व्यवहारिक विषयों पर कार्यकर्ताओं का प्रबोधन किया गया साथ ही सभी के साथ चिंतन व चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए। उन्होंने आगे बताया कि इस अभ्यास वर्ग में विशेष रूप से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ अजय तिवारी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति राजेश वर्मा, एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक गौतम सूत्रधार, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अंज़लि गुप्ता, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति प्रो मुकेश वर्मा आई. ई.एस. विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. राजेश सिंह तोमर, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम. के. सिंह, वाईबीएन विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति रामजी यादव, साईंनाथ विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति प्रो. एसपी अग्रवाल, झारखंड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी. के. सिंह, अर्क जैन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अंगद तिवारी, आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीश गोविंद उपस्थित थे।

## किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए कार्यालय अवधि में ही बुलाएं जीएसटी अधिकारी: झारखंड हाई कोर्ट



**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान अपने एक आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को जीएसटी अधिकारियों को कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए या उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए। साथ ही अदालत ने जीएसटी के अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जीएसटी कमिश्नर के निर्देशों का पालन करते हुए और कानून में निहित प्रावधानों के तहत ही किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया जाये। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी के नियमों के तहत सक्षम अधिकारी को कार्यालय समय के बाद बयान देने के लिए किसी व्यक्ति को बाध्य नहीं करना चाहिए। याचिकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान यह दलील दी कि किसी भी अधिकारी का बयान कार्यालय अवधि के दौरान ही दर्ज किया जाना चाहिए। दरअसल, जीएसटी के अधिकारियों ने जमशेदपुर के शिव कुमार देवड़ा को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। उनसे एक बार पूछताछ भी हो चुकी थी, जिसमें काफी समय लगा था। याचिकाकर्ता के मुताबिक, उनसे देर रात तक पूछताछ की गयी और दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह मांग की कि कार्यालय अवधि के दौरान ही उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाये।

## नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलेगा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का व्यापक अभियान



**रांची**। मादक द्रव्यों एवं नशीले पदार्थो के सेवन को रोकने के लिए, साथ ही छात्रों में इसके बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 18 जून से 25 जून तक राज्य के सभी कोटि के सरकारी-गैर सरकारी सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त-अल्पसंख्यक-निजी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रतिदिन मादक द्रव्यों, नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि स्कूलों के आसपास यदि नशीले पदार्थो का सेवन या बिक्री हुआ तो स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 35000 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय के क्षेत्र में कोई ऐसा असामाजिक कार्यो में संलिप्त ना हो। वे सचेत रहेंगे तभी छात्रों को नशे से बचाया जा सकता है। उन्होंने बीआरपी, सीआरपी को ऐसे विद्यालयों को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जिनके आसपास नशीले पदार्थो की बिक्री या सेवन होने का संदेह है। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल कल्याण विभाग, एनजीओ, पुलिस डिपार्टमेंट अथवा इस क्षेत्र के विशेषज्ञों हर एक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी स्कूलों में 18 जून से 22 जून तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर नशीले पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत 18 जून को क्विज प्रतियोगिता, 19 जून को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, 20 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 22 जून को प्रभात फेरी आयोजित की जायेगी, इसके बाद विद्यालय में स्पीच, स्लोगन मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। 24 जून को साइकिल रैली, 25 जून को प्रार्थना सभाओं में जागरूकता संदेश पढ़ा जायेगा। 26 जून को विश्व नशा निवारण दिवस के दिन संकल्प और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव के लिए आजसू पार्टी का रोड मैप तैयार : सुदेश महतो



**रांची**। आजसू पार्टी राज्य में अगले कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक्टिव मोड में आ गयी है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। लोकसभा चुनाव के बाद अब यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आने वाले समय को देखते हुए पार्टी ने रोड मैप तैयार किया है। सुदेश कुमार महतो पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। महतो ने कहा कि सबसे पहले तो गिरिडीह लोकसभा सीट के परिणाम के लिए पार्टी की ओर से 18-20 जून को अलग-अलग क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाली जाएगी। 22 जून पार्टी के लिहाज से ऐतिहासिक दिन है। 26 जून से जुलाई के अंत तक पार्टी के विधानसभावार ग्राम प्रभारी, जिला प्रभारियों का शपथ ग्रहण होगा। 20 जून को सभी विधानसभा क्षेत्रों में हुल दिवस का आयोजन होगा। आठ अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस और आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। 16 अगस्त से दो अक्टूबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा होगी। इसी दौरान हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 500 पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह से पार्टी ने अभी से लेकर अक्टूबर तक का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार का यह विदाई वर्ष है। क्योंकि, उसके वादे और दावे खोखले साबित हो चुके हैं। जाते-जाते सरकार फिर से मजाक करने में लगी है। नियोजन नीति, विस्थापन को लेकर वह केवल राजनीति करती रही है। ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आने की बात हुई। अब इससे संबंधित आयोग ने 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है।यह सब बिना किसी आंकड़े के हो रहा। आनन-फानन में आइवाश और मीडिया इवेंट के लिए यह हो रहा। महतो ने कहा कि सत्ता पक्ष के नेता देशभर में कहते थे कि जातीय जनगणना कराएंगे लेकिन इस पर निर्णय लिया ही नहीं गया। आरक्षण, सरना धर्म कोड और अन्य विषयों पर हम सरकार के साथ खड़े रहे लेकिन सरकार गुमराह ही करती रही। जिसकी जितनी आबादी, उतनी भागीदारी हो। इस सरकार में एक मंत्री के लिए एक भी एससी नहीं मिल रहा।

## आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को किया गिरफ्तार



**रांची**। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक टिकट दलाल पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है। वह गिरिडीह का रहने वाला है। सोमवार को आरपीएफ हटिया निरीक्षक रूपेश ने बताया कि आरपीएफ हटिया फ्लाइंग टीम के साथ मिलकर ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे आरक्षण केंद्र में एक संदिग्ध को प्रीमियम तत्काल रेलवे आरक्षण टिकट के साथ देखा। संदेह होने पर उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया कि वह टिकट कुछ रुपयों के लालच में दूसरे व्यक्ति के लिए ले रहा था। उसके पास से रेलवे आरक्षण का दो रिक्त फॉर्म भी बरामद हुआ। हटिया आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज राजवंशी ने बरामद टिकटों सहित तीन हजार 900 रुपये को ज़ब्त कर आरोपित को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया।

## शिवराज और हिमंता के मार्गदर्शन में राज्य में बनेगी डबल इंजन की सरकार : बाबूलाल मरांडी

### अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी किया प्रभारी और सह प्रभारी का स्वागत

**रांची ।**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के निदेर्शानुसार आज झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के चुनाव प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा सह प्रभारी बनाए गए हैं। प्रदेश भाजपा ने दोनों नियुक्तियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों नेता अनुभवी ,परिश्रमी और कुशल संगठनकर्ता हैं। शिवराज और हिमंत विश्व सरमा ने झारखंड के लोकसभा चुनाव में भी खूब पसीना बहाया है। तपती गर्मी में कई सभाओं को संबोधित किया।

आगामी विधानसभा चुनाव में इनके अनुभवों, कार्य कुशलता और प्रत्यक्ष मार्गदर्शन का लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी के मार्गदर्शन में भाजपा प्रदेश में मजबूत डबल इंजन सरकार बनाएगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। जनता ने लोकसभा चुनाव में ही इंडी एलायंस को सबक सीखा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिवराज और हिमंत विश्व सरमा के मार्गदर्शन में पार्टी रिकॉर्ड मतों से प्रदेश में सरकार बनाएगी।

स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर

सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन मानसून आने तक स्कूली छुट्टी विस्तार करने पर करे विचार: कैलाश यादव



**रांची।** झारखंड में गर्मी का आलम जबरदस्त है और लोगों के सिरे पर चढ़कर बोल रहा है। इसी प्रचंड गर्मी को देखते हुए झारखंड प्रदेश राजद महासचि सह मीडिया प्रभारी एवं अभिभावक संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने सरकार एवं प्रशासन से मांग किया है कि राज्य में लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, इस मद्देनजर विगत दिनों से स्कूलों की छुट्टी भी चल रही है लेकिन अभी तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं आया है इसलिए मानसून आने एवं न्यूनतम पारा 30 डिग्री होने तक स्कूली छुट्टी का सीमा विस्तार अवश्य कर देना चाहिए ताकि बच्चों का स्वास्थ ठीक रहे एवं अभिभावकों को परेशानी का सामना न करना पड़े !

## हिंदू जागरण मंच की बैठक में संगठन विस्तार और युवाओं को संगठन से जोड़ने का लिया गया निर्णय

**रांची** । हिंदू जागरण मंच रांची महानगर की बैठक प्रदेश कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक में मंच के पुराने पदाधिकारी और नए सदस्यों शामिल थे। इस दौरान संगठन विस्तार और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही

सभी मंडलों के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। हिंदू जागरण मंच हिंदू समाज को और मजबूरी दे। इस पर भी विमर्श विचार किया गया। बैठक में कहा गया कि जो लोग सिर्फ सोशल मीडिया पर हिंदू समाज के लिए लड़ाई लड़ते हैं उन्हें ग्राउंड लेवल पर भी समाज को मजबूती देने का काम करना चाहिए। साथ ही हिंदूजागरण मंच के अगामी कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई

## सुविचार


**कुछ बोलने और तोड़ने में केवल एक पल ही लगता है, जबकि बनाने और मनाने में पूरा जीवन लग जाता है, प्रेम सदा माफ़ी माँगना पसंद करता है, और अहंकार सदा माफ़ी सुनना पसंद करता है।**

# कैसा हो स्कूली पाठ्यक्रम?

एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी का यह बयान विचारणीय है कि 'स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति।' स्कूली बच्चों का मन उस कच्ची मिट्टी की तरह होता है, जो वैसा ही आकार ले लेती है, जैसा उसे देने की कोशिश की जाती है। पाठ्यक्रम को समयानुसार जरूर बदलना चाहिए। आज के बच्चे ही भविष्य में देश को दिशा देंगे। लिहाजा उन्हें पाठ्यपुस्तकों में ऐसी सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए, जो उनके दिलो-दिमाग को पूर्वाग्रह, घृणा और भेदभाव से दूर रखे। इतिहास में ऐसे कई अध्याय हैं, जिनके साथ कड़वी यादें जुड़ी हुई हैं। विद्यार्थियों को उनके बारे में पता होना चाहिए, लेकिन एक खास उम्र के बाद। इतिहास बताने या पढ़ाने का तरीका भी बहुत मायने रखता है। यह ऐसा होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को सही जानकारी मिले, वे न किसी से नफरत करें, न उनमें हीनभावना पैदा हो और न ही प्रतिशोध की ज्वाला भड़के। सब जानते हैं कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बमों से हमला किया था, जिसमें लाखों लोगों की जानें चली गई थीं, लाखों ही घायल हो गए थे। ये दोनों शहर पूरी तरह खंडहर बन गए थे। युद्ध समाप्त होने के बाद जब स्कूलों के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार करने का समय आया, तब न तो अमेरिकी बच्चों को यह पढ़ाया गया कि उनके नेताओं के फैसलों ने जापान में खूब कहर बरपाया था और न जापान के बच्चों को यह पढ़ाया गया कि उनके साथ बहुत बड़ी ज्यादती हो गई, लिहाजा उन्हें बड़े होकर बदला लेना है, अमेरिका पर उसी तरह धावा बोलना है!

आज अमेरिका और जापान के संबंध बहुत अच्छे हैं। दोनों देशों के लोग जब एक-दूसरे के यहां जाते हैं तो उनमें न विजय का अहंकार देखने को मिलता है और न ही किसी की आंखों में प्रतिशोध की अग्नि धधकती नजर आती है। बल्कि हिरोशिमा और नागासाकी में कई बार ऐसा देखा गया, जब अमेरिकी और जापानी लोग गले मिलकर रोए। स्पष्ट है कि वे यह तो मानते हैं कि इतिहास में अप्रिय घटनाएं हुईं, लेकिन वे उन कड़वी यादों से बाहर निकलना चाहते हैं, उन्हें वर्तमान एवं भविष्य पर हावी नहीं होने देना चाहते। मई 2016 में जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा हिरोशिमा गए थे, तब वे एक बुजुर्ग से गले मिलकर भावुक नजर आए थे। उन बुजुर्ग के परिवार के कई सदस्य बमकांड में मारे गए थे। अगर आज अमेरिका और जापान के लोगों के बीच दुश्मनी और नफरत नहीं है तो इसका श्रेय उन विशेषज्ञों व लेखकों को भी दिया जाना चाहिए, जिन्होंने दशकों पहले स्कूली पाठ्यक्रम तैयार किया था। बच्चों को हिंसा, नफरत, कट्टरता और अहंकार की बातें सिखाने का उनके कोमल मन पर क्या असर हो सकता है, इसका ज्वलंत उदाहरण पाकिस्तान है। उसकी पाठ्यपुस्तकों में भारत और स्वयं के अल्पसंख्यक समुदायों की आस्था के खिलाफ जो बातें लिखी गईं, उनका असर साफ दिखाई दे रहा है। आज पाकिस्तानी स्वदेश में रहें या विदेश में, उनके कुछ 'कारनामे' सबके लिए समस्या पैदा करते हैं। इसकी जड़ में वह पाठ्यक्रम है, जिसके जरिए बच्चों के मन में नफरत का जहर घोला गया। भारत में नब्बे के दशक में स्कूलों में सुबह होने वाली प्रार्थना सभाओं में अख़बार पढ़कर सुनाने का बहुत चलन था। उस दौरान हिंसा, दुष्कर्म, चोरी, बैंक डकैती, छेड़छाड़ समेत सभी तरह के अपराधों से संबंधित खबरें बिल्कुल नहीं सुनाई जाती थीं, क्योंकि उनसे बच्चों के मन पर बुरा असर पड़ सकता था। उन्हें सामान्य ज्ञान, प्रेरक घटनाओं, महापुरुषों, सकारात्मक कार्यों, वैज्ञानिक शोध और देश की प्रगति से संबंधित घटनाओं के बारे में बताया जाता था। पाठ्यक्रम निर्माण में भी इसी नियम का पालन करना चाहिए। पाठ्यपुस्तकें ऐसी हों, जिन्हें पढ़कर विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण, सद्भाव और एकता की भावना पैदा हो।

## ट्वीटर टॉक



उदयपुर जिले के गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में बड़ी संख्या में जनहानि की मिली सूचना अत्यन्त पीड़ादायक है। प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों को अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कामना करती हूँ।

**-दीया कुमारी**



पश्चिम बंगाल में हुए भीषण रेल हादसे में जनहानि अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। पीड़ा की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

**-ओम बिरला**



आज राजधानी दिल्ली में विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, 140 करोड़ भारतीयों के सुख, समृद्धि और कल्याण के लिए साधनारत, भारत के 'अमृतकाल के सारथी' आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्नेहपूर्ण भेंट कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद व आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# साफ मन में ईश्वर का वास

एक बार भिक्षुक घूमते-फिरते एक दुकान पर गये। दुकान में अनेक छोटे-बड़े डिब्बे थे, एक डिब्बे की ओर इशारा करते हुए भिक्षुक ने दुकानदार से पूछा, 'इसमें क्या है?' दुकानदार ने कहा, 'इसमे नमक है!' भिक्षुक ने फिर पूछा, 'इसके पास वाले में क्या है?' दुकानदार ने कहा, 'इसमें हल्दी है।' इसी प्रकार भिक्षुक बार-बार सभी डिब्बों के बारे में पूछता गया और दुकानदार बतलाता रहा। अंत में सबसे पीछे रखे डिब्बे का नंबर आया तो भिक्षुक ने पूछा, 'उस अंतिम डिब्बे में क्या है?' दुकानदार बोला, 'उसमें राम-राम हैं।' भिक्षुक ने पूछा, 'यह राम-राम किस वस्तु का नाम है!' दुकानदार ने कहा, 'सभी डिब्बों में तो कोई न कोई वस्तु है, परंतु यह डिब्बा खाली है, हम खाली को खाली नहीं कहकर राम-राम कहते हैं।' भिक्षुक की आंखें खुली की खुली रह गईं! 'ओह! तो खाली में राम जी रहते हैं। भरे हुए में राम को स्थान कहां? लोभ, लालच, ईर्ष्या, द्वेष और भली-बुरी बातों से जब दिल-दिमाग भरा रहेगा तो उसमें ईश्वर का वास कैसे होगा? राम जी साफ-सुथरे मन में ही निवास करता है!' एक छोटी-सी दुकान वाले ने भिक्षुक को बहुत बड़ी बात समझा दी।

## सामयिक

# मोहन भागवत के वक्तव्यों को कैसे देखें ?



**अवधेश कुमार**

संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत के भाषण पर जबरदस्त बहस चल रही है। वैसे तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अधिकारियों के भाषणों और वक्तव्यों पर मीडिया ,विश्लेषकों तथा समर्थकों के अलावा विरोधियों की भी गहरी नजर रहती है। किंतु संघ प्रमुख के दो भाषण वर्ष में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होते हैं और उनसे भविष्य की दिशा मिलती है- विजयादशमी महोत्सव और दूसरा नागपुर में आयोजित तृतीय वर्ष कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के समापन पर दिया गया भाषण। वर्तमान उद्बोधन भी कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह का ही है। निष्पक्षता से कोई उनके पूरे उद्बोधन को सुनेगा तो उसका वह अर्थ नहीं निकालेगा जो मुख्य मीडिया और सोशल मीडिया में छाया हुआ है। सबका निष्कर्ष एक ही है कि डॉक्टर भागवत ने भाजपा के बहुमत न पाने को लेकर ही अपनी टिप्पणी की है तथा उसको चेताया है। उसमें चाहे अहंकार की बात हो, मिलकर चलने की, सत्य बोलने की, आत्ममंथन सब केवल नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए है।

प्रश्न है कि क्या संघ और भाजपा के संबंध ऐसे हो गए हैं कि संघ प्रमुख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा को कुछ कहना हो तो सार्वजनिक भाषण में बोलेंगे और वह भी कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन में जबकि प्रशिक्षण के बाद स्वयंसेवकों को सकारात्मक भाव से निकलकर देश के लिए काम करने की प्रेरणा देनी होती है? दूसरे अगर ये बातें केवल सरकार के लिए हैं तो विपक्ष के लिए क्यों नहीं? हालांकि कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का निर्णय महीनों पहले हुआ होगा और समापन भाषण का भी। उस समय किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह चुनाव परिणाम आने और सरकार गठित होने का दिन होगा। बावजूद चुनाव हो ,सरकार और विपक्ष के बीच अनेक मुद्दों पर बाहर चल रही हो , सरकार गठित हुई हो और संघ प्रमुख उसकी पूरी तरह अनदेखी कर दें यह नहीं हो सकता। उद्बोधन के समय उनके ध्यान में पूरा राजनीतिक परिदृश्य पर रहा होगा। पर जिन लोगों ने निष्पक्षता से संघ को समझा है , अध्ययन किया है वो इन ज्यादातर टिप्पणियों से सहमत नहीं हो सकते। तो फिर क्या होंगे डॉक्टर मोहन भागवत के वक्तव्यों के निहितार्थ?

जिन पंक्तियों को बहस का आधार बनाया गया है उनमें पहला है , चुनाव । वे कहते हैं कि चुनाव संपन्न हुए हैं। उसके परिणाम भी आए और कल सरकार भी बन गई। .ये अपने देश के प्रजातांत्रिक तंत्र में प्रत्येक पांच वर्ष में होने वाली घटना है। उसके अपने नियम और डायनेमिक्स हैं। ..अपने देश के संचालन के लिए कुछ निर्धारण करने वाला वो प्रसंग है, इसलिए महत्वपूर्ण है। लेकिन इतना महत्वपूर्ण क्यों है? समाज ने अपना मत दे दिया, उसके अनुसार सब होगा। ध्यान रखिए इसी में वह कहते हैं कि क्यों, कैसे, इसमें संघ के हम लोग नहीं पड़ते। हम लोकमत परिष्कार का अपना कर्तव्य करते रहते हैं। प्रत्येक चुनाव में करते हैं। इस बार भी किया है। इन पंक्तियों को कोई उद्धृत नहीं करता जबकि संघ और उसके सारे संगठनों में काम करने वाले स्वयंसेवकों तथा समाज के लिए उनका पक्ष यही है। आगे वे कहते हैं -कल ही आदरणीय सत्य प्रकाश जी महाराज ने हमको कबीर जी का एक वचन बताया। . कबीर कहते हैं निर्बंधा बंधा रहे बंधा निर्बंधा होई कर्म करे करता नहीं दास कहाय सोई। जो सेवा करता है, जो वास्तविक सेवक है, जिसको वास्तविक सेवक कहा जा सकता है उसको कोई मर्यादा रहती है यानी वो मर्यादा से चलता है। .. जैसा कि तथागत ने कहा हैकुशलस्य उपसंपदा, यानी अपनी आजीविका पेट भरने का काम सबको लगा ही है, करना ही चाहिए.. लेकिन कौशलपूर्वक जीविका कमानी है और कार्य करते समय दूसरों को धक्का नहीं लगना चाहिए। ये मर्यादा भी उसमें निहित है। ..वो मर्यादा ही अपना धर्म है, संस्कृति है। जो पूज्य महंत गुरुवर्य महंत रामगिरी जी महाराज जी ने अभी बहुत मार्मिक कथाओं से थोड़े में बताई, उस मर्यादा का पालन करके जो चलता है, कर्म करता है, कर्मों में लिप्त नहीं होता, उसमें अहंकार नहीं आता। वही सेवक कहलाने का अधिकारी रहता है। साफ है कि इन संतों का वहां उद्बोधन हुआ और उसी को उद्धृत करते हुए डॉक्टर भागवत ने स्वयंसेवकों को नीति और व्यवहार समझने की कोशिश की जिसमें से अहंकार, धक्का देना आदि शब्दों को उठाकर बिना पूरे प्रसंग को लिए विश्लेषण करेंगे तो निष्कर्ष कुछ भी आ सकता है ।

> उनकी चिंता है कि देश के शीर्ष राजनेता इस तरह का व्यवहार करेंगे तो देश का भला नहीं हो सकता है। इसी में विरोधी को प्रतिपक्ष कहने की बात करते हैं क्योंकि उनके अनुसार वह विषय का एक पहलू उजागर करते हैं जिनका विचार होना चाहिए। सच कहा जाए तो उनका देश की सभी पार्टियों के राजनेताओं से अपील है कि चुनाव खत्म हो गया जिसमें मर्यादा का पालन नहीं हुआ। किंतु देश के सामने चुनौतियां हैं और उनके लिए सबको सत्य और एक दूसरे को धक्का देने की प्रतिस्पर्धा से बाहर निकाल कर समान मन से काम करना चाहिए।

मजे की बात देखिए कि मोहन भागवत कहते हैं कि इन चार पंक्तियों में संघ की वृत्ति ध्यान में आती है। इन बातों में उलझे रहेंगे तो काम रह जाएंगे। यानी संघ अपना काम करता है उसमें उलझता नहीं। और बहस इसी पर हो रही है कि संघ इसी वृत्ति में लिप्त है। तो संघ प्रमुख ने राजनीति को लोकतंत्र में आवश्यक बताते हुए भी यह कहा है कि उसमें कैसे व्यवहार हों लेकिन हमारी भूमिका उससे अलग है। चुनाव को प्रजातंत्र की आवश्यक प्रक्रिया बताते हुए वे कहते हैं कि उसमें दो पक्ष रहते हैं, इसलिए स्पर्धा रहती है। स्पर्धा रहती है तो दूसरे को पीछे करने और स्वयं को आगे बढ़ने का काम होता ही है . परंतु उसमें भी एक मर्यादा है। असत्य का उपयोग नहीं करना। चुने हुए लोग संसद में बैठकर देश को चलाएंगे, सहमति बनाकर चलाएंगे। तो भागवत का देश के लिए दिशा यही है कि चुनाव में आवेश हुआ , गुस्सा हुआ, सब कुछ हुआ लेकिन अब सत्ता और विरोधी की जगह सबको देश चलाना है इसलिए सहमति बनाकर आगे काम होना चाहिए। वे कहते हैं कि हमारे यहां तो परंपरा सहमति बनाकर चलने की हैसमानो मंत्र: समिति: समानी। समानम मन: सह चित्तमेषाम। यह सच है कि ऋग्वेदकारों को मानवी मन का ज्ञान था। सब जगह उन्होंने 'सम' कहा है (समानो मंत्रः समिति समानी समानम मनः), लेकिन चित्त के बारे में सम नहीं कहा, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का चित्त, मानस अलग-अलग होता ही है। इसलिए 100 प्रतिशत मतों का मिलान होना संभव नहीं है। लेकिन जब चित्त अलग-अलग होने के बाद भी एक साथ चलने का निश्चय करते हैं तो सह चित्त बन जाता है।

वे संसद में दो पक्षों को भी आवश्यक इसलिए मानते हैं क्योंकि उनके अनुसार किसी भी प्रश्न के दो पहलू रहते हैं और दोनों सामने आने के बाद ही पूर्णता होती है। चूंकि राजनीति में स्पर्धा होती है इसलिए ऐसी पूर्णता नहीं हो पाती । यही आज की राजनीति का सच है जिसके बारे में मोहन भागवत ने स्पष्ट कहा है कि स्पर्धा होने के कारण असत्य का सहारा लिया जाता है ,तकनीकी का उपयोग करते हुए असत्य बाती पड़ोसी गई। इस संदर्भ में मोहन भागवत का यह प्रश्न उचित है कि क्या ज्ञान -विज्ञान एवं विद्या का यही उपयोग है? कायदे से इस प्रश्न पर देश में बहस होनी चाहिए । मोहन भागवत की बातों को स्वीकार करें तो संघ की कल्पना है कि देश के राजनेताओं को स्पर्धा रखते हुए भी असत्य के आधार पर राजनीति और चुनाव नहीं करना चाहिए । सबको देश का ध्यान रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि सज्जन विद्या का ये उपयोग नहीं करते। विद्या विवादाय ये खलस्य यानी दुर्जन का काम कहा गया हैविद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय। खलस्य साधोर विपरीतमेतद ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय।। विद्या का उपयोग प्रबोधन करने के लिए होता है, लेकिन आधुनिक विद्या (टेक्नोलॉजी) का उपयोग असत्य परोसने के लिए किया गया।

उनकी चिंता है कि देश के शीर्ष राजनेता इस तरह का व्यवहार करेंगे तो देश का भला नहीं हो सकता है। इसी में विरोधी को प्रतिपक्ष कहने की बात करते हैं क्योंकि उनके अनुसार वह विषय का एक पहलू उजागर करते हैं जिनका विचार होना चाहिए। सच कहा जाए तो उनका देश की सभी पार्टियों के राजनेताओं से अपील है कि चुनाव खत्म हो गया जिसमें मर्यादा का पालन नहीं हुआ। किंतु देश के सामने चुनौतियां हैं और उनके लिए सबको सत्य और एक दूसरे को धक्का देने की प्रतिस्पर्धा से बाहर निकाल कर समान मन से काम करना चाहिए। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष के विचारों का सम्मान करें और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष का। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में भारत के विकास की भी चर्चा की है और कहा है कि आधुनिक दुनिया जिन मानकों को मानती है, जिनके आधार पर आर्थिक स्थिति का मापन किया जाता है उनके अनुसार भी हमारी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी हो रही है। हमारी सामरिक स्थिति निश्चित रूप से पहले से अधिक अच्छी है। दुनियाभर में हमारे देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कला क्षेत्र में, क्रीडा क्षेत्र में, ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में, संस्कृति के क्षेत्र में हम सब लोग विश्व के सामने आगे बढ़ रहे हैं।

विश्व के प्रगत देशों ने भी हमको धीरे-धीरे मानना शुरू किया है। जो कहते हैं कि भागवत ने केवल मोदी और उनकी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है उन्हें भाषण का यह पक्ष भी ध्यान रखना चाहिए। एक समय शांत होता दिख रहा मणिपुर में फिर से अशांति आई तो इस पर चिंता प्रकट करना वहां शांति स्थापना की अपील है। उनका यही मत है कि सबको ऐसे विषयों को प्राथमिकता में लेकर मिलजुल कर शांति स्थापना के लिए काम करना चाहिए । राजनीतिक विचारधारा से परे हटकर पूरे भाषण को देखें तो इसमें भारत के वर्तमान और भविष्य की चिंता तथा उसके लिए समाज के नीचे से ऊपर तक के व्यक्तियों जिनमें नीति निर्माण करने और उसके लिए दबाव बनाने वाले शामिल हैं, के भी आदर्श और मर्यादित व्यवहार का सूत्र निहित है। यह केवल राजनीति नहीं समाज के हर सक्रिय पक्ष के लिए है। आप संघ के विरोधी हों या समर्थक उनके पूरे भाषण को सुना और शांत मन से मनन किया जाएगा तो हमें आपको कोई विरोधी या शत्रु सहसा नजर नहीं आएगा तथा सबके अंदर देश के लिए संकुचित स्वार्थ से परे हटकर मिलजुल कर काम करने की भावना सशक्त होगी।

## नजरिया

# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

**ललित गर्ग**

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए।



यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं।

सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा।

न्यूज़ अपडेट

## बदियामोड़ रहा घंटों जाम राहगीरों को हुई परेशानी



**पालोजोरी।** पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बदियामोड़ में रविवार को लोग जाम में फंसे रहे। बताया जाता है की बदियामोड़ में लगने वाले रविवार व बुधवार के साप्ताहिक हाट के कारण लोग यहां दुर दराज के गांवों से हाट -बाजार को आते-जाते रहते हैं। इसी वजह यहां अक्सर और भीड़भाड़ देखने को मिल जाते हैं। जबकि वहीं हाट बाजार कर रहे लोगों द्वारा सड़क किनारे यत्र तत्र खड़ा कर बाजार करने लग जाते हैं। जिससे वहीं सारठ- पालोजोरी मुख्य मार्ग होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं रविवार को बदियामोड़ लगभग ढाई घंटे जाम में लोग फंसे रहे। बहुत मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराने का काम किया गया।

## शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई ईद -उल-अजहा की नमाज



**गोड्डा।** क्षेत्र में शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज, सुबह 7 बजे ईद की नमाज अदा की गई। ईलाकाई के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर एक साथ ईदगाह में नमाज अदा किये। ललमटिया ईदगाह में मौलाना मोइनुल हक फैजी ने ईद की नमाज पढ़ाई, वहीं नीमा कलां मदरसा में मौलाना तौहीद आलम ने ईद की नमाज अदा करवाई। इसी तरह छोटे छोटे मुस्लिम क्षेत्र के कस्बों में जैसे जमुझरना, बड़ा सरैया, डुमरिया, गोरखपुर, गोराडीह, केड़ो, कुसबिल्हा, केंदुआ व चितरकोठी गाँव साथ ही राजाभीठा क्षेत्र के कड़ोबाजार, कुशबिल्हा, लिट्टी, केंदुआ, ऊपरबंधा, देवीपुर मे ईद की नमाज अदा की गई। वहीं जगह-जगह स्थानीय प्रशासन मुस्तैद थे, क्षेत्र में अमन चैन व शांति की दुआ माँगी। गाँव में सभी छोटे बड़े ईद की जश्न मना रहे थे, एक दूसरे के गले मिले।

## सरकार की उदासीनता का शिकार झारखंड के सहायक अध्यापक : तपेश्वर देव



**मेहरमा(गोड्डा)।** सर्व शिक्षा अभियान भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत 2001 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 86वें संविधान संशोधन के तहत की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने के लिए प्रत्येक राज्यों में समिति के माध्यम से विभिन्न नाम से शिक्षको को अल्प मानदेय पर योगदान करवाया गया था। परंतु,आज ये शिक्षक खुद समस्याओं के दलदल में फंसी हुई है। उक्त बातें सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष तपेश्वर देव ने विशेष भेंट में कही। झारखंड श्रीदेव ने आगे कहा कि 2001 से आज तक शिक्षा दूत और पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत शिक्षक सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में सरकारी शिक्षक के समानांतर योग्यता प्राप्त करते हुए शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कार्य करते आ रहे हैं, लेकिन समान काम करने के बाद भी उन्हें समान बेतन या मानदेय मिलने कि वजाय अल्प-मानदेय मिलता है जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

आगे उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक 2001 से आज तक भुखमरी की स्थिति का सामना करते आ रहे हैं। बढ़ती महंगाई को देखते हुए मानदेय बढ़ोतरी के लिए समय-समय पर आंदोलन करते रहे हैं, लेकिन झारखंड सरकार ने केवल कुछ फिसद मानदेय वृद्धि कर उन्हें राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। झारखंड में सत्ता में आने वाले नेताओं ने वादे किए लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। सहायक अध्यापक संघ ने विभिन्न राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की, जिन्होंने चुनाव जीतने के बाद उचित मानदेय और स्थायित्व का वादा किया, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भूल गए।

मैं सहायक अध्यापक नेतृत्वकर्ता होने के नाते केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षकों की स्थिति का सर्वे कर केंद्र स्तर से एक ठोस नियमावली बनाई जाए जिससे विभिन्न राज्यों में उपेक्षा का शिकार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो सके और उनकी प्रतिष्ठा कायम रहे ’

# झारखंड कला केंद्र दुमका में तीन दिवसीय योग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दुमका।**

झारखंड कला केंद्र दुमका के परिसर में 14 से 16 जून 2024 तक तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका मनोरमा यादव द्वारा संस्थान के छात्राओं को योग एवं प्राणायाम के विषय में जागरूक किया गया।

योग कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। योग प्रशिक्षिका द्वारा 21 जून (विश्व योगा दिवस) को होने वाले योगासनों को लेकर भी अभ्यास कराया गया।

महिला पतंजलि योग समिति की युवा प्रशिक्षिका अंजली कुमारी ने कई सारे शारीरिक व्यायाम कर बच्चों का ध्यानाकर्षण कराया।





योग प्रशिक्षिका द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी जीवन में योग एवं प्राणायाम का विशेष महत्व है। योग विद्यार्थियों में अनुशासित जीवनशैली, नियमित दिनचर्या, संस्कारित विचार, एकाग्रता जैसे गुणों को समृद्ध करता है।

आधुनिक जीवनशैली में अनियमित खानपान, भागदौड़ एवं अनावश्यक तनाव के कारण शरीर में कई प्रकार के विकार घर कर लेते हैं, जिसे योग प्राणायाम एवं संयमित जीवनचर्या द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। छोटे बच्चों एवं बढ़ते उम्र के बच्चों के लिए योग के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, भावनात्मक मजबूती एवं वैचारिक उन्माद को संतुलित करने हेतु योग परमावश्यक है।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नीलम मोर ने उपस्थित बच्चों एवं अन्य लाभार्थियों को योग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस से हम सभी को नियमित योगासन एवं प्राणायाम करने हेतु संकल्पित होना चाहिए। मौके पर उपस्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय काठीजोरिया की प्रभारी एवं एनसीसी लेफ्टिनेंट कैप्टन सुमिता सिंह ने कहा कि योग के प्रति युवाओं का रुझान हर्ष प्रदान करता है। शहर में ऐसे आयोजन निरंतर होने चाहिए। महिला पतंजलि योगपीठ समिति दुमका की योग प्रशिक्षिका रेखा दीदी ने कहा कि योग ही एकमात्र ऐसा जरिया है जिससे युवा पीढ़ी पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त कर सकती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका एवं झारखंड कला केंद्र प्रभारी शिक्षिका ऋतंभरा कश्यप ने कहा कि संस्थान पिछले दो वर्षों से निशुल्क योग कार्यशाला का आयोजन कर रहा है इसमें शहर के कई बच्चे एवं उनके अभिभावक योगासनों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं । हम आने वाले दिनों में महिला पतंजलि योग समिति दुमका के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रम साप्ताहिक अंतराल पर करने का प्रयास करेंगे ताकि बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षिका मनोरमा यादव एवं सहायक अंजली कुमारी को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के आयोजन में समीर कुमार पंडित, ऋषिराज कश्यप आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बच्चा चोरी का आरोप लगाकर युवक को बांधकर पीटने का मामला, घायल युवक की सरहज ने ही रचा था षड्यंत्र , सरहज सहित सात गिरफ्तार

**दुमका।**

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के जामबाद गांव में कल रविवार को बच्चा चोरी के आरोप में गांव के दामाद को ही रस्सी में बांधकर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी थी । सूचना पाकर शिकारीपाड़ा पुलिस रविवार की देर शाम घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में भर्ती कराया था । चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज चल रहा है ।

घायल सोम किस्कू ने अपने साले की पत्नी पर लगाया षड्यंत्र करने का आरोप : इधर घायल सोम किस्कू ने पुलिस को बयान दिया कि वह शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव का रहने वाला है । उसका ससुराल जामबाद गांव में है , जहां वह पिछले कुछ दिनों से अपनी पत्नी हीरामुनि हेंब्रम के साथ रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा है । कुछ दिनों से उसकी सरहज (साला की पत्नी) हेलेना मरांडी मुझसे रुपयों की मांग कर रही थी पर वह नहीं दे पा रहा था । कल रविवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था । दोपहर के बाद वह कुछ सामान दुकान से खरीदने के लिए प्रतापपुर गांव जा रहा था तो साला का लड़का भी उसके साथ जाने लगा जो लगभग नौ वर्ष का है । कुछ दूर जाने के पश्चात मेरी सरहज़ हेलेना हल्ला करने लगी की सोम किस्कू मेरे बेटे को चुरा कर भाग रहा है। इसके बाद लोग मुझे पकड़ कर रस्सी में बांधकर पीटने लगे । यह हेलेना का एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया कार्य है। थाना पहुंचे सोम के साला के लड़के ने जिसके चोरी के आरोप में सोम के साथ मारपीट किया गया । थाना में बताया कि मुझे किसी के द्वारा चोरी या लालच देकर नहीं ले जा रहा था , मैं अपने फूफा जी के साथ स्वयं दुकान जा रहा था ।




क्या कहते हैं थाना प्रभारीः शिकारीपाड़ा पुलिस सोम किस्कू के बयान पर थाना कांड संख्या 54 / 24 भादवि की धारा 147 ,149 ,341 342 323, 325, 307 एवं 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया । इधर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए घायल सोम किस्कू की सरहज़ हेलेना मरांडी के अलावा बबुटा मुर्मू उर्फ अगस्टिन मुर्मू , किशुन टुडू , गोडधा हांसदा , मांझी मरांडी , मंगल मरांडी और किशुन मरांडी को गिरफ्तार कर आज सोमवार को जेल भेज दिया । इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी हरिलाल साह ने बताया कि जांच में यह पाया गया कि सोम किस्कू जो अपने ससुराल में रहता था , उससे उसकी सरहज रुपए की मांग कर रही थी । जब वह रुपए देने में असमर्थता जताई तो उसने षड्यंत्र के तहत सरहज़ ने अपने बेटे को लेकर भागने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों से बंधवा कर उसकी पिटाई करवा दी ।

## पालोजोरी में हूल दिवस को लेकर लोगों ने की बैठक



**पालोजोरी ।** पालोजोरी के एवरग्रीन मैदान में सिद्धू-कान्हू रक्षा मंच के द्वारा रविवार को लोगों ने एक बैठक बुलाई। वहीं इस बैठक में सबों ने निर्णय लिया की आगामी 30 जून को होने वाले हूल कैसे मनाया जाएं। जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए ब्रिटिश हुकूमत से आंख से आंख मिलाकर बातें करते हुए। ब्रिटिश सरकार को खदेड़ने का काम किया। जबकि वहीं आदिवासी क्रांतिकारी सिद्धों कान्हू ,तिलका मांझी,बिरसा मुंडा,चांद भैरव फुलों झानों जैसे कई लोगों ने अपनी कुर्बानी देकर अंग्रेजी हुकूमतों व सेठ साहूकारों से स्वतंत्र कराने का काम किया है। इन्हीं सब बातों को लेकर लोगों ने हूल दिवस पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए देखने को मिला। वहीं इस मौके पर आदिवासी युवा नेता सुरेश मरांडी,सिद्धू कान्हु रक्षा मंच के अध्यक्ष मनोज मुर्मू,वरिष्ठ समाज सेवी विजय किस्कू,किशोर मुर्मू ,बाबूधन,हेमलाल हांसदा एवं तरपद राणा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## डॉ. जे.सी. राज का अभिनंदन एव डॉ. एकता रानी का फेयरवेल कल नंदन पहाड़ में

**देवघर।** स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के युग्म बैनर तले कल नंदन पहाड़ मनोरंजन पार्क में शिक्षाविद् डॉ. जयचंद्र राज का नागरिक अभिनंदन एवं डॉ. एकता रानी का फेयरवेल समारोह है। ज्ञात हो, आईकन ऑफ झारखंड व कई पुरस्कारों के विजेता डॉ. राज को हाल में ही मुंबई में लीजेंड दादा साहब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया था। वे संत माईकल एंग्लो ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन भी हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. राज समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. एकता रानी अपने शहर में उनके पति, मिसाइल वैज्ञानिक रवि शंकर के साथ, गुरुकुल कोचिंग सेंटर चलाती थी। विगत सत्रह वर्षों में उन्होंने शहर को बहुत कुछ दिया। उनके सेंटर से विद्यार्थी लगातार आईआईटी, मेडिकल के क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते आ रहे थे। दोनों प्राणी, महाराष्ट्र की और रवाना हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेकानंद संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव, संरक्षक प्रो. रामनंदन सिंह, वरीय सदस्य सुमन सौरभ, सदस्य विकास केशरी, डिवाइन पब्लिक स्कूल की निदेशिका सह सचिव ममता किरण, स्वनामधन्य दंत चिकित्सक डॉ. चेतना भारती व डॉ. नीतू अग्रवाल एवं सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## घटवार/घटवाल ने की समीक्षा बैठक, आरक्षण पर की परिचर्चा

**संवाददाता।**

**देवघर।** अखिल भारतीय आदिम जनजाति समूह संघर्ष मोर्चा की समीक्षात्मक बैठक तेजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में त्रिकूट पहाड़ के सभागार में आयोजित किया गया। जबकी बैठक का संचालन मोर्चा के महामंत्री रामप्रवेश राय ने किया। मोर्चा द्वारा गत लोकसभा चुनाव में घटवार/घटवाल जाति को आरक्षण नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया गया था। वही मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि समाज के लोगों में संतोषजनक भाव रहा। जब तक घटवार/घटवाल जाति को आरक्षण नहीं मिल जाता भविष्य में भी जारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से संगठन ने निर्णय लिया कि



घटवार/घटवाल जाति अनुसूचित जनजाति सूची में पुनः शामिल कराने को लेकर जोरदार प्रदर्शन प्रखंड स्तर पर भी किया जाएगा। मोर्चा का शिष्टमंडल बहुत जल्द केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से अपनी मांग को लेकर मिलकर दवाब बनाने का कार्य करेगी। गत लोकसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टी द्वारा आरक्षण के नाम पर समाज के भोले-भाले लोगों से वोट लेने का भी कार्य किया है। जिसका सरकार भी हिसाब मांगा जाएगा। बैठक में मुख्यरूप से केंद्रीय अध्यक्ष गिरिजानंद राय, कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह राजेश सिंह, केंद्रीय सलाहकार राजेंद्र राय, पीतांबर सिंह उपाध्यक्ष चंद्रकिशोर सिंह, गणेश राय, सुरेश सिंह, द्वारिका राय, हरि प्रसाद सिंह, विश्वनाथ सिंह, नंद किशोर सिंह, त्रिलोचन सिंह, अर्जुन सिंह, बलवंत सिंह, संजय सिंह, उत्तम राय, ललित राय, महेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, प्रेमसागर राय, कामेश्वर राय, शिवशंकर राय, दशरथ राय, सरवन राय, बबलू राय, टेकलाल राय, भोला राय, मनोज राय, अजय राय, प्रदीप राय, बलदेव राय, विजय राय, प्रमोद राय, बासुदेव राय, भोला राय सहित दर्जनों घटवार/घटवाल समाज के लोग मौजूद थे।

# रोहिणी में भक्तिपूर्ण माहौल में ज्येष्ठी वैष्णवी दुर्गा का शुभारंभ

- **पूजा कराते आचार्य उपेन्द्र नाथ पाण्डेय व पूजा करते उपाचार्य दिनेश पाण्डेय**
- **हवन 22 जून 2024 को हवन 23 जून 2024 को प्रतिमा विसर्जित**

**संवाददाता।**

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र के रोहिणी पांडे टोला शतचण्डी मंदिर परिसर में वैष्णवी ज्येष्ठी दुर्गा पूजा का शुभारंभ निर्जला एकादशी तिथि दिन सोमवार को प्रारंभ हुआ आचार्य उपेन्द्र नाथ पाण्डेय ने उपाचार्य दिनेश पांडे को विधि विधान से पूजा संपन्न कराया इसके पूर्व प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया जो मंदिर परिसर से निकल कर पांडे टोला मुख्य मार्ग होते हुए गांधी चौक तथा गांधी चौक होते हुए काली मंदिर रोड से हटिया चौक तथा पाण्डेय टोला मार्ग होते हुए मंदिर पहुंची तथा प्रतिमा को वेदी पर बैठाया गया। मां के आगमन को ले श्रधालुभक्त अपने दरवाजे पर ही खड़ा होकर मां का दर्शन किए ।इसके बाद दुर्गा सप्तशती पाठ कर्ता नारायण पांडे भास्कर पांडे रंजीत पांडे अजीत पांडे राजू पांडे सुधीर पांडे अमित पांडे कन्हैया पांडे एवं केशव पांडे के द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया ।मंदिर के आसपास आकर्षक पंडाल लगाए गए तथा मुख्य द्वार पर त्वरण द्वार भी बनाए गए तथा एवं मंदिर के चारों ओर आकर्षण विद्युत लगाया गया है आचार्य उपेंद्रनाथ पांडे ने बताया कि ज्येष्ठी दुर्गा पूजा 1943 में प्रारंभ हुई जो अनवरत जारी है। उन्होंने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां के दरबार में हाजिरी लगाते हैं मां उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। पूजा को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए अध्यक्ष सत्यजीत पाण्डेय ,कोषाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सचिव नारायण पाण्डेय, कार्यकारिणी व निगरानी समिति सदस्य सत्य नारायण पाण्डेय,लालू पाण्डेय, अमर पाण्डेय मेघु पाण्डेय ,बबलू पाण्डेय रिन्कु पाण्डेय, डब्लू पाण्डेय ,गौरीशंकर पाण्डेय, नन्दू पाण्डेय, मनोज उमर, राजेश पाण्डेय समेत नगरवासी जुटे हुए हैं

## साहित्यकार सतीश चंद्र झा की 16 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद

**दुमका।**

ग्रांट इस्टेट दुमका स्थित सतीश चौरा में स्वर्गीय सतीश चंद्र झा की 16 वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि व श्रद्धाजंलि सभा का किया गया आयोजन। इस अवसर पर दुमका शहर के साहित्यकारों ने स्वर्गीय सतीश बाबू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। ज्ञात हो सतीश चंद्र झा की मृत्यु के बाद उनके नाम से गठित सतीश स्मृति मंच पिछले 16 वर्षों से उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि को भव्यता के साथ मनाती आ रही है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शंभुनाथ मिस्त्री ने 60 के दशक से चली आ रही दुमका की साहित्यिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नई चेतना जैसी साहित्यिक संस्था से लेकर भाषा संगम तक की यात्रा को विस्तार से बताया। सतीश बाबू के साहित्यिक अवदानों को याद करते हुए श्री मिस्त्री ने कहा कि उनकी कुटिया में ही विभिन्न तरह के साहित्यिक कार्यक्रमों सहित साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन, संकलन की कार्य योजना तैयार हुआ करती थी।

डॉ0 रामवरण चौधरी ने कहा कि व्यक्तित्व कभी मरता नहीं। सतीश बाबू जैसे व्यक्ति का व्यक्तित्व ही था कि आज हम सभी गर्व से उन्हें याद करते हैं। युवा साहित्यकार अशोक सिंह ने 90 के दशक में भाषा संगम जैसी साहित्यिक संस्था के क्रियाकलापों सहित उसके अवदानों को याद करते हुए उसमें सतीश बाबू की भूमिका की चर्चा की। डॉ0 अमरेंद्र सुमन ने बीते दिनों की साहित्यिक गतिविधि को याद करते हुए सतीश स्मृति मंच की निरंतर समृद्ध हो रही साहित्यिक परंपरा को एक आदर्श उदाहरण बतलाया। अंजनी शरण ने मंच को साहित्यिक चेतना को जगाने वाला और साहित्यकारों को शीतल छांव प्रदान करने वाला कहा। आशीष कुमार झा ने फादर्स डे एवं पुण्यतिथि को एक ही दिन में होने को संयोग बताते हुए फादर्स डे पर अपने पिता को समर्पित संस्मरण से श्रोताओं को रुबरु कराया।

द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में रोहित अम्बष्ट ने जहाँ एक ओर अपनी गजल की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, वहीं पवन मिश्रा ने 'झूठ' कविता से तथा धर्मेंजय हेंब्रम ने गांव से आने के दर्द को कविता के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। वरिष्ठ साहित्यकार कमलाकांत प्रसाद सिन्हा की प्रस्तुति 'कभी दर्द उभरता है तो कभी यादें सिसकती हैं' ने समां बांध दिया। दुर्गेश चौधरी की 'कह रहा हूं फेकिये मत हाथ का पत्थर अभी' और अनुराग की प्रस्तुति 'वह तो मेरा इबादत का हिस्सा है' ने भी श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। राजीव नयन तिवारी की राष्ट्र को समर्पित कविता एवं केशव सिन्हा की पिता को समर्पित कविता ने भी खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में वंशीधर पंडित, ऋतुराज कश्यप ,पवन कुमार झा ,अर्णव झा, मनोज कुमार घोष, अभिषेक कुमार, शिवभूषण, अनुराग, अनुपम आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी विद्यापति झा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कुंदन कुमार झा ने किया।

## ऑर्ट ऑफ गिविंग दिवस मनाया गया




**दुमका।**

आर्ट ऑफ़ गिविंग, दुमका शाखा के सदस्यों ने 17 जून को रक्तदान किया । शाखा के केंद्रीय नेतृत्व के निदेशानुसार इस वर्ष देश विदेश में एक साथ 17 जून को आर्ट ऑफ गिविंग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से प्रो० डॉ0 अच्युत सामन्त, (संस्थापक किट विश्वविद्यालय) एवं आर्ट ऑफ गिविंग से प्रेरित होकर सभी सभी समुदाय, शुभचिंतकों और आर्ट ऑफ गिविंग से प्रेरित लोगों के द्वारा 17 मई को अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ़ गिविंग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस वर्ष लोक-सभा चुनाव 2024 से प्रभावित होने के कारण इस इसे 17 जून 2024 को आयोजित किया गया।

दुमका शाखा के सदस्यों द्वारा रक्तदान के साथ साथ फलदार वृक्ष रोपण का कार्कर्म भी किया गया आर्ट ऑफ गिविंग,दुमका शाखा के सचिव मुकेश कुमार, अध्यक्ष श्री अमित कुमार, कन्वेनर संतोष कुमार गोस्वामी, अमित कुमार पाठक बिनोद लायक, समाजसेवी अब्दुल अफरोज समेत अन्य सदस्यों के द्वारा इस कार्यक्रम को पूरा किया गया।

# चोरदाहा में डेढ़ साल से अधूरी पड़ी जलमीनार 300 परिवारों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

**चौपारण।**

झारखंड-बिहार के सीमा पर जंगल-पठार के बीच बसा चोरदाहा पंचायत हमेशा उपेक्षित रहा है। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि चोरदाहा पंचायत के ग्राम पुरुनी अहरी, सांझरा, नावाडीह सहित कई गांवों में पीएचडी विभाग से नल-जल योजना के तहत सैकड़ों घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार की लाखों रुपये की लागत से जलमीनार बनाई गई। यादव ने कहा कि पीएचडी विभाग के अधिकारी व ठेकेदार के मिलीभगत से जैसे-जैसे गुणवत्ता को ताक पर रख कर लोहे एंगल पर प्लास्टिक के टैंक रख कर आधा अधूरा काम कर फरार हो गए हैं। मुखिया प्रतिनिधि यादव ने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों से ठेकेदार और जेई को फोन कर अधूरी जलमीनार को ठीक करने को कहा गया। पर किन्हीं का नहीं सुना और आज भीषण गमों में



पानी के लिए त्राहिमाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरनी अहरी के नरेश भुइयां, केदार भायां, प्रयाग भुद्रयां, कपिलदेव भुइयां, राजेन्द्र भुइयां, सुरेश भुइयां, अरविंद भु मृनु भुइयां, प्रभु भुइयों, संजय भायां सहित दर्जनों परिवार, नही नावाडीह के परमेश्वर गंड्छु, बिहारी गंझू, कृष्णा गंझू, मोहन गंझू, अशोक गंझू, तेतर गं, शिषा गं, शंकर गंझू, गोपाल गंडू, नरेश गंझू, शिवन गंझू, युगल गंझू सहित 300 से अधिक परिवारों के लिए जल नल योजना के तहत कर घर-घर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार के लाखों रुपये से जलमीनार बनाया गया। जिससे एक बूंद पानी नहीं मिल शोभा का वस्तु तु बन ब कर र रह गया है। इस संबंध में ठेकेदार से बात किये तो उन्होंने कहा कि मुखिया और मुखिया प्रतिनिधि से बात हुआ है। जल्द ही जलमीनार ठीक करवा देंगे। अब सवाल उठता है कि भीषण गर्मी अंतिम चरण पर है और अभी पानी के एक एक बूंद के लिए तरस रहे ग्रामीणों को सप्ताह दस दिन में ऊपर वाले के मेहरबानी से बा-रश हो जाने पर ही राहत मिल पाएगी।

## न्यूज़ अपडेट

### बरही में खेत में पड़ा मिला कैलाश रविदास का शव, लू लगने की आशंका

- मृतक पेशे से ड्राइवर, चार माह से घर पर ही थे, पत्नी चार साल पहले छोड़ चुके थे



**संवाददाता बरही।** बरही थाना अंतर्गत रसोइया धमना में स्थित जिरवा गढ़वा के खेत में एक व्यक्ति का शव मिला। इसका पता तब चला जब चरवाहा बकरी चराने खेत की ओर गए हुए थे। हो-हल्ला करने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे, जिसके बाद मृतक की पहचान बेंदगी गांव निवासी भुनेश्वर रविदास का 40 वर्षीय पुत्र कैलाश रविदास की हुई। परिजनों ने बताया की कैलाश रविदास सुबह 6 बजे घर से निकाला था और शाम तक घर नही लौटने पर परिजन उसका काफी खोजबीन भी कर रहें थे। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि उक्त युवक बाहर में गाड़ी चलाता था, चार माह पहले घर आया था। मृतक का एक लड़की व एक लड़का है। पत्नी चार साल पहले इसको छोड़कर चली गई थी, उसके बाद से इसका दिमागी हालत कुछ खराब हो गया था। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर उपस्थित लोग लू लगने की आशंका जताई है। घटना स्थल पर रसोइया धमना के पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, राजेंद्र साहू, मो. हकीम अंसारी, मो. कासिम, टुकन रविदास, बिगन राम, चन्द्र राम, सोहर राम, फुलमतिया देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन और शांति की मांगी गई दुआएं



**विष्णुगढ़।** सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकरीद का त्यौहार पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विष्णुगढ़, चेडरा, नवादा सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन और शांति की दुआएं मांगी। वही नवादा के ईदगाह मैदान में सुबह सात बजे हजारों की संख्या में अकीतमंदो ने बकरीद की नमाज अदा की। नमाज में इमामत हाजी व हाफिज इलियास मिस्बाही ने किया। जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शरीक होकर एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस मौके पर निजाम अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा बलिदान और संयम का पर्व है, बुराइयों की कुर्बानी देकर आत्मा को शुद्ध करने का यह एक उत्तम साधन है। जिसे इस पर्व में त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी जाती हैं। नसीहत देते हुए कहा कि आपसी भाईचारा कायम रखें और एक दूसरे का सहयोग करें। अपने अंदर छिपी हुई बुराइयों की कुर्बानी करें। नमाज के मौके पर नवादा सदर मोहम्मद खलील अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, सेक्रेटरी अब्दुल सकुर अंसारी, पसंस अबरार अंसारी, पूर्व पसंस फखरुद्दीन अंसारी, दिलेर आजाद, महमूद आलम, अब्दुल अजीज, मास्टर कासिम, मोहम्मद सादीक मजबूल अंसारी, हाफिज अंसारी, दस्तगीर अंसारी, जाकिर हुसैन, अफजल अंसारी, जाबिर हुसैन, रफीक आलम, मोहम्मद हेयात अंसारी, मौजम अंसारी, युसूफ, मो० सद्दाम समेत हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।

### ईद उल अजहा का नमाज अदाकार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ बकरीद, एक दूसरे को गले लगा कर दी बधाई

**कोडरमा।** जिले के सतगावां, चंदवारा, जयनगर, मरकच्चो, डोमचांच, कोडरमा, प्रखंड के अंतर्गत मुस्लिम इलाके स्थित मस्जिद ईदगाह इत्यादि स्थानों पर त्याग व बलिदान का त्योहार ईद- उल- अजहा जिले भर में आपसी भाई चारे के साथ सोहार्द पूर्ण तरीके से हुआ संपन्न। इस अवसर पर सोमवार सुबह लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में ईद- उल- अजहा की नमाज अदा कर अमन, चैन और शांति को लेकर दुआ मांगी तत्पश्चात एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस दौरान ईदगाह व मस्जिद में नमाज के बाद उक्त स्थल पर मेले जैसा लग रहा था जहां बच्चों बकरीद पर्व को लेकर काफी खुशी इजहार करते नजर आए।उक्त पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर सभी गांव एवं चौक चौराहों इत्यादि स्थानों पर प्रशासन की ओर से पर्व को शांतिपूर्ण सफल को लेकर यहम भूमिका रहा।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ में निकला भव्य नगर यात्रा, भगवान को डोली ले झूमते निकले भक्त

**टाटीझरिया(हजारीबाग)** । खंभवा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के छठे दिन ठाकुर जी का नगर भ्रमण कराया गया। लक्ष्मी नारायण जी को डोली में बैठाया गया,जिसे यजमान कंधे पर लेकर झूमते नाचते ,गाते खंभवा,बांडी का भ्रमण कराया। भ्रमण के कार्यक्रम में एक रथ पर भगवान श्री राम की झांकी निकाली गई,उसके आगे हनुमान के वेश में गदा लेकर उछलते भक्त नजर आए, उनके साथ भूत-बेताल की टोली भी घूम रहा था। उसके पीछे सैकड़ों भक्तगण महिला-पुरुष नाचते ,गाते चल रहे थे।

नगर भ्रमण में यजमान उमाशंकर सिंह ,अमरेश सिंह,संतोष सिंह,अशोक सिंह,शशिभूषण सिंह,सुनीता देवी,परवीन बॉबी, अलखदेव सिंह समेत घर के अन्य सदस्य लक्ष्मीनारायण की डोली लेकर चल रहे थे। साथ में आचार्य ब्रजनंदन पाठक,उपाचार्य पंकज शास्त्री समेत ब्राह्मणों की टोली भी चल रहा था।

बैंजु और ताशे की धुन पर भक्तों की टोली नृत्य करने में मशगूल थे। यज्ञ स्थल से यात्रा निकाल कर देवी मंडप ,सूर्यमंदिर,शिवमंदिर,हनुमान मंदिर होते तीनो टोला के गलियों का भ्रमण करते वापस यज्ञ स्थल पर समाप्त हुआ। इस बीच जमकर आतिशबाजी भी हुई। कार्यक्रम में दीपांकर सिंह,शुभंजर सिंह,सनोज कुमार सिंह,सेजल सिंह,राजनंदनी कुमारी ,रेखा देवी,अंशु कुमारी,प्रिय कुमारी,अलखदेव सिंह,शिवराज सिंह,महेंद्र सिंह,कैलाश सिंह,एमके पाठक,शैलेश सिंह,कृष्ण सिंह,प्रमोद सिंह,लक्ष्मण सिंह,निर्भय सिंह,विजय सिंह, मुकेश यादव,अरुण सिंह,राजेश यादव,सहदेव गोप,बद्री गोप,जितेंद्र मंडल ,जागो मिस्त्री समेत काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# राज्य में 200 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त- अंबा प्रसाद ने विधानसभा में की थी मांग



## अंबा प्रसाद द्वारा सदन में रखा था मामला अब मिलेगी 200 यूनिट मुफ्त बिजली, मुख्यमंत्री ने दिया स्वीकृति, अंबा प्रसाद ने जताया आभार

**संवाददाता।**

**बड़कागांव** । विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग की थी इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसकी घोषणा कर दी है अब राज्यवासियों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के घोषणा पर विधायक अंबा प्रसाद ने आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा में 200 यूनिट बिजली राज्य वासियो को मुफ्त देने की मांग की थी जिसके बाद माननीय मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की है आगे उन्होंने कहा की राज्य सरकार गरीब गुरबा की सरकार है एवं हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी फैसला ले रही है।

विदित हो कि बजट सत्र के दौरान दिनांक 2 मार्च 2024 को तारांकित प्रश्न के माध्यम से बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने सदन को अवगत कराते हुए बताया था कि राज्य के 42.16 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जो पूरे देश में बिहार (51.91%) के बाद सर्वाधिक है। राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की शुरुआत करने के बाद इसे 125 यूनिट तक बढ़ाने की कवायद चल रही है लेकिन राज्य में एक बड़ी आबादी गरीब तबके की है, जो बिजली बिल दे पाने में भी असमर्थ है इसलिए राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दिया जाए।

# बड़कागांव प्रखंड में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न

**बड़कागांव ।**

**बड़कागांव।** प्रखंड में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया संपन्न हो गया।

प्रखंड के सभी मस्जिदों में सुबह के समय से ही नमाज अदा करने के लिए नमाजी जुटने लगे। नमाजियों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की। बड़कागांव प्रखंड के बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद,



चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, हाहे मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिल्हिज्जा की 10 तारीख (सोमवार) से तीन दिवसीय कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा मनाया जा रहा है। असल में यह महीना हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की यादगार है। जिसकी पूरी जिन्दगी कुर्बानी में ही गुजरी। खुदा ने हजरत इब्राहिम से अपने बेटे की कुर्बानी तलब की। खुदा का हुक्म पाते ही हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने जंगल की ओर रवाना हुए। हजरत ने बेटे से कहा कि मैंने ख्वाब देखा है कि मुझे खुदा की राह में तुम्हारी कुर्बानी देनी है। बेटे ने कहा कि अगर खुदा की यही रजा है तो मैं तैयार हूं और आप मुझे सब्र करने वालों में सबसे आगे पाइयेगा। इस तरह खुदा ने हजरत इब्राहिम का इम्तहान लिया था और हजरत इस्माइल की जगह दुंबा की कुर्बानी से खुदा ने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी कबूल फरमाई।

बकरीद कुर्बानी का पर्व है। यह त्योहार हमें प्रेम, सद्भावना, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देती है।

बकरीद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों के इर्द-गिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के सभी गांव में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ती करते नजर आए ।

## शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विस चुनाव प्रभारी व हेमन्त विश्व सरमा को उप प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दी बधाई

**संवाददाता बरही।** भाजपा द्वारा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनो के मार्गदर्शन में झारखंड भाजपा को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान होगा और 2024 विधानसभा चुनाव बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी।



# चौपारण पुलिस ने भारी मात्रा 301 किलो पकड़ा डोडा





**चौपारण।**

चौपारण प्रखण्ड के दनुआ में एक होटल से भारी मात्रा में डोडा जप्त । गुप्त सूचना आधार पर दनुआ में ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास एक ट्रक वाहन संख्या RJ23GA-5707 पर अवैध रुप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा हैं । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सूरजित कुमार एवं चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास छापामारी किया गया। छापामारी दल होटल के पास पहुँचा तो देखा कि एक ट्रक लगा हुआ हैं जिसका नम्बर RJ23GA 5707 और उस ट्रक के उपर कुछ लोग चढे हुए हैं और कुछ लोग माथा पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे हैं और कुछ लोग उस बोरा को चढ़ाने में मदद कर रहे हैं। पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे जिसे सभी आदमी को सशस्त्र बल के द्वारा पकड लिया गया। पकडाये गए व्यकि में रपिंद्रजीत सिंह पिता जशवीर सिंह ग्राम चौके थाना गिल्लेकला जिला भटिंडा पंजाब दूसरा यशविन्दर सिंह पिता स्वर्गीय मुन्नी सिंह ग्राम रामपुरा थाना राम पूरा जिला भटिंडा पंजाब को पूछताछ किया गया जिसपर वह सही उत्तर नही दे पाया । ट्रक एवं व्यक्तियों के तलाशी के क्रम में कुल 18 प्लास्टिक के बोरा में अवैध डोडा बंधा हुआ पाया गया। सभी बोरी को वजन करने पर कुल 301 किग्रा0 डोडा पाया गया। इस संबंध में ट्रक सहित डोडा एवं अन्य बरामद सामान को जप्त करते हुए चौपारण थाना कांड संख्या 199/24 दिनाक 17/06/24 धारा 414/34 भादवि एवं 17(C)/18(C)/29 N.D.P.S. Act दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

## पूर्व विधायक ने किया होटल नील कमल फैंमली रेस्टोरेंट का उदघाटन




**चौपारण।** एनएचटू स्थित दनुआ घाटी में होटल नील कमल फैंमली रेस्टोरेंट का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया। श्री यादव ने कहा इस रेस्टोरेंट को खुलने से जीटी रोड से गुजरने वालो को ठहरने में सुविधा मिलेगा। आत्मनिर्भर भारत व स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। होटल संचालक परमेश्वर यादव ने कहा यह रेस्टोरेंट आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन,पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान,परमेश्वर यादव,पप्पू यादव,जागुन यादव,प्रभु यादव,राजो यादव,अनिल यादव,संतोष यादव,शूकर भुइयां,सुबोध यादव,विशेष यादव,मनोज यादव,प्रमोद यादव,बैनाथ गंझू,बंशी यादव,बालो सिंह,राजू यादव,अशोक पासवान,रामवृक्ष यादव,विजय पासवान,जितेंद्र ठठेरा,गोपाल यादव सहित कई लोग शामिल थे.

# बरही में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

## देश में अमन और शांति के लिए की गई दुआएं

**संवाददाता बरही।**

सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) की नमाज के मौके पर लोगों ने देश में अमन शांति और भाईचारे की दुआएं मांगी। बरही में बकरा ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात किया था। बरही शहर में ईदगाह सहित पांच जगहों में अकीदतमंदों ने बकरा ईद की नमाज अदा की। सबसे पहले अहले सुबह ईदगाह में हाजी मुशर्रफ ने बकरा ईद की नमाज पढ़ाई। यहां पर बड़ी संख्या में मुस्लिम



समुदाय के लोगों ने नमाज अदा किया। इसके अलावा बरही जामा मस्जिद में हाफिज फिरोज, मक्का मस्जिद में हाफिज अब्दुल कयूम, मदीना मस्जिद में हाजी कलीम उद्दीन रिजवी, मस्जिदे अक्सा में मौलाना रिजवालून कादरी के द्वारा ईद की विशेष नमाज पढ़ाई गई। रसोईया धमना के ईदगाह के अलावा दुलमाहा,धनवार, बरसोत, करियातपुर, मलकोको, पड़रिया डुमरियाडीहा, गरजमो, अलगडीहा, जवाड़, भंडारों, हथगढ़ा, गुडियो सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने भारी संख्या में नमाज अदा किया और एक दूसरे से गले लगाकर बकरा ईद की मुबारकबाद दिया। इस अवसर पर बरही जामा मस्जिद पेशे ईमाम हाज़ी मौलाना मुशर्रफुल क़ादरी ने कहा के कुर्बानी पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। इस कुर्बानी का मतलब है कि अपने अंदर छुपी हुई बुराई को निकाल कर अच्छाई की ओर कूच करना। वहीं बरही विस अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम ने ईद उल अजहा की नमाज के बाद कहा कि कुर्बानी अपने घरों पर करें। अपने-अपने अंदर छिपी हुई बुराइयों की कुर्बानी करें। सड़कों पर गंदगी न फैलाएं। उन्होंने पानी को बचाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी की बर्बादी न करें और इस मौके पर सभी को एक पौधा लगाने का आग्रह किया। साथ ही आपसी भाईचारा कायम रखते हुए सभी एक दूसरे का सहयोग करें।

न्यूज़ अपडेट

## कोचिंग सेंटर में बच्चे के साथ मारपीट को ले परिजनों का हंगामा,थाने में आवेदन



**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जामतारा के बेसिक स्कूल के समीप संचालित कोचिंग सेंटर के संचालक पर सेंटर में पढ़ रहे एक बच्चे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाकर सोमवार को बच्चे के अभिभावक और परिजनों ने सेंटर पहुंच कर हंगामा किया। मामले में अभिभावक अमरा पंचायत के तिलाटांड़ निवासी डालेश्वर साहु ने बताया कि उनके बच्चे के साथ सेंटर में मारपीट की गयी, बच्चे के आंख में चोट थी,चोट लगने के कारण वह ठीक से खाना भी नहीं खा पा रहा था और चलने में उसे तकलीफ हो रही थी। घटना से गुस्साये अभिभावक और परिजन ने सेंटर पहुंचकर शिक्षक से पूछताछ की। इस संबंध में शिक्षक कुंजलाल महतो ने कहा कि मारपीट का आरोप गलत है।वहीं थाना प्रभारी प्रिनन ने बताया कि दोनों पक्ष से लिखित शिकायत दिया गया है। शिक्षक ने अपने साथ मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं अभिभावक ने अपने बच्चे के साथ शिक्षक द्वारा मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

## अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर रजरप्पा सीसीएल में पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

- करें योग और रहें पूरे जीवन निरोग:विनोद कुमार





**रामगढ़।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन करीब 200 लोग शामिल हुए। आज प्रातः 5:00 बजे महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए मौजूद लोगों को योग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा की लोग दवा लेने तब जाते हैं, जब कोई बीमारी होती है। लेकिन योग करने से शरीर निरोग रहता है। उन्होंने सभी सीसीएल कर्मियों तथा रजरप्पा प्रोजेक्ट कॉलोनी के निवासियों को प्रोत्साहित किया की ज्यादा से ज्यादा की संख्या में योग शिविर में शामिल हों। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी आशीष झा ने बताया की योग करने से तनाव कम होता है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, और मनोबल बढ़ता है। यह योग प्रशिक्षण शिविर कर्मचारी कल्याण के प्रति सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे एक स्वस्थ और प्रेरित कार्यबल का निर्माण होता है।

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा आयोजित इस योग शिविर में प्रशिक्षण देने हेतु पतंजलि परिवार से योग गुरु अमित कुमार अपने टीम के साथ आए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी एस के चौधरी के अलावे ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि झलकु महतो, प्रदीप पटवा, अरुण कुमार चौधरी, विजय ठाकुर, चारितर राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा के पहल पर लगा 100 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर

### सांसद के भतीजा खुशवंत देवा कर रहे है जनता की समस्या का समाधान

**चास ।**

चास नगर निगम वार्ड 7 के नागरिकों ने 48 घंटे की बिजली की बदहाली की स्थिति की जानकारी धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के भतीजे खुशवंत देवा को दी। उन्होंने तुरंत इस मामले को संज्ञान में लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर नया ट्रांसफॉर्मर देने की बात कही। महज दो घंटे में 100 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर बिजली विभाग द्वारा लगाया गया। चास नगर निगम में खुशी का माहौल है और सभी नागरिकों ने सांसद के भतीजे को आभार व्यक्त किया।



# भैंस की मौत के बाद दो पक्षो में तनाव, पुलिसकर्मी समेत दर्जनों लोग घायल

**बोकारो ।**

बोकारो सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत भर्रा पुल के पास दो भैंसों की मौत के बाद दो पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई जिसमे दर्जनों पुलिसकर्मी समेत दर्जनों लोग घायल की सूचना है , खबर की सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तनाव पूर्ण माहौल को शांत करवाया गया बोकारो नगर उपाधीक्षक आलोक रंजन ने बताया की बोकारो में अवैध बिजली कनेक्शन के कारण दो भैंसों की मौत हो गयी है. इससे नाराज लोगों ने एक दूसरे पर पत्थरबाजी की . बिगड़ते माहौल को नियंत्रित करने हेतु पुलिस द्वारा दो तीन आशु गैस के गोले भी दागे गए ,तब जाकर बिगड़ते माहौल को किसी तरह शांत करवाया गया ,जिसमे दर्जनों पुलिस कर्मी सहित नगर उपाधीक्षक आलोक रंजन को भी चोट लगी है ,खबर लिखे जाने तक घटना स्थल में पुलिस कर्मी तैनात थे ,फिलहाल माहौल शांत है ।





# बीएसएल के ज्ञान ज्योति योजना के तहत बिरहोर जनजाति के बारह बच्चों के नए बैच का आगमन

**बोकारो ।**

सेल-बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के ''ज्ञान ज्योति योजना'' के अंतर्गत बिरहोर जनजाति के बारह बच्चों के नए बैच का आगमन हुआ. बीएसएल द्वारा गोद लिए गए सभी बारह (12) नए बिरहोर बच्चों को गोमिया प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी द्वारा बीएसएल संचालित बिरहोर बाल निवास, प्रशिक्षु छात्रावास के प्रतिनिधि को सौंपा गया. इस दौरान बोकारो जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के




अलावा बीएसएल के सीआरके सुधांशु महाप्रबंधक एल एंड ए अशोक कुमार उप प्रबंधक सीएसआर बहादुर सिंह छात्रावास वार्डेन सीएसआर गौरव रंजन सीएसआरऔर अन्य अधिकारी मौजूद थे.

ज्ञान ज्योति योजना के तहत बोकारो स्टील प्लांट सभी गोद लिए बच्चों को गुणवत्तायुक्त प्राथमिक से आईटीआई तक की शिक्षा, ड्रेस सामग्री, छात्रावास में रहने की व्यवस्था, भोजन और अन्य सभी दैनिक कार्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है. इस वर्ष गोद लिए गए बिरहोर बच्चों को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा 01 में प्रवेश मिलने की संभावना है. बिरहोर बच्चों का नया बैच वर्ष 2036 में बारहवीं कक्षा आईटीआई तक की पढ़ाई पूरी करेगा.उल्लेखनीय है कि बिरहोर समुदाय के बच्चों के प्रथम बैच को वर्ष 2001 में सेल-बीएसएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के ज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत अपनाया गया था जो कि 2012-13 में पास आउट हुए. उसी क्रम में वर्ष 2011 में 15 बिरहोर बच्चों के दूसरे बैच को गोद लिया गया था जिसे अगस्त 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा.

# स्वच्छ कथारा : सीसीएल, कथारा क्षेत्र में कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार 16 से 30 तक स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**कथारा/बोकारो ।**

सीसीएल, कथारा क्षेत्र में कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार 16 जून से 30 जून, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के पालन के तहत विभागाध्यक्षों और अन्य कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र श्री संजय कुमार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2024 की शुरुआत करके स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।




महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र संजय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ''स्वच्छ भारत'' का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छ भारत अभियान लोगों का जोरदार समर्थन पाकर 'जन आंदोलन' बन गया। आम नागरिक भी बड़ी संख्या में आगे आए और उन्होंने सा×फ-सुथरे भारत का प्रण लिया। स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत के बाद सड़कों की सफाई के लिए हाथों में झाड़ू थामना, सफाई पर ध्यान केंद्रित करना और स्वच्छ माहौल बनाने की कोशिश लोगों की आदत बन गई। लोग इस अभियान में शामिल हो रहे हैं और इस संदेश को फैलाने में मदद कर रहे हैं कि 'ईश्वर की भक्ति के बाद स्वच्छता सबसे बड़ी भक्ति है'।

चन्दन कुमार, उप प्रबंधक (सी एस आर), कथारा क्षेत्र के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। शपथ में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष में 100 घंटे तथा सप्ताह में कम से कम 2 घंटे स्वेच्छा से समर्पित करने पर जोर दिया गया। क्षेत्र के महाप्रबंधक के नेतृत्व में शपथ में जीवन के सभी पहलुओं में सर्वोत्तम स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें पर्यावरण अनुकूल पहलों पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ कार्यालय डेस्क, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं, कार्यालय परिसर की सफाई प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना, अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण अभियान और नुक्कड़ नाटक शामिल हैं।

पखवाड़े के दौरान, सी सी एल, कथारा क्षेत्र अपने सभी परियोजनाओ और आस-पास के कार्यालय परिसरों में नियमित रूप से सफाई निरीक्षण करेंगे ताकि उचित स्वच्छता और रिकॉर्ड प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ऑफिसर्स क्लब एवं गेस्ट हाउस और उसके आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता अभियान और स्वैच्छिक सफाई गतिविधियाँ (श्रमदान) आयोजित की जाएँगी। स्वच्छता पखवाड़ा, न केवल संगठन के भीतर बल्कि व्यापक समुदाय में भी स्वच्छ भारत को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने सभी कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों से विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे मनोयोग से भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में कथारा क्षेत्र के अर्जुन कुमार प्रसाद (SO (P&P)), जयंत कुमार (SO(P&A)), बिनोद कुमार (SO(M)), जय प्रकाश नारायण सिंह (AFM), संजय सिंह (रड(उ)), सी. बी. तिवारी( विभागाध्यक्ष सेफ्टी ), एस. के. गुप्ता (अरड), चन्दन कुमार (Nodal CSR), निरंजन विश्वकर्मा,अजुराम, रोहित कुमार तथा अन्य कामगार एवं सुरक्षाकर्मी भी उपस्थित रहे ।

## महाराजा मिष्ठान्न भंडार की संचालिका ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार




**गिरिडीह।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित महाराजा मिष्ठान भंडार की संचालिका चेतना कुमारी, पिता स्व श्रीरामावतार शर्मा ने बताया कि रंजीत स्वर्णकार, विकास स्वर्णकार, पिता भीम लाल स्वर्णकार तथा उसके अन्य परिवार के सदस्यों के द्वारा उनके महाराज मिष्टान्न भण्डार के पश्चिम दिशा की दिवार जो बस स्टैण्ड के सड़क की तरफ है, उसको जेसीबी या कुछ और तरीके से जबरन गिरा देने की धमकी तथा कामगार स्टाफ को फिर से अपहरण कर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अम्बेडकर चौक स्थित महाराज मिष्टान्न भण्डार का संचालन अपने दादा जी के समय से पिछले 40 वर्षों से करती चली आ रही हूँ। 2 से 3 दिन पहले उनके दुकान के पीछे से रंजीत स्वर्णकार, विकास स्वर्णकार तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा अपने अर्द्धनिर्मित मकान में काम पर लगाए हुए अज्ञात गुण्ड़ों को भेजकर उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज मुकदमा गिरिडीह नगर थाना काण्ड संख्या 218/2023 / केस उठाने तथा दुकान का जेड दिवाल दिन रात के अन्धेरे में जेसीबी वगैरह से गिराने की धमकी दी गई है।

जिससे दुकान में काम करने वाले और रात को दुकान मे सोनेवाले कामगारो की जान चले जाने और उनके लाखो का नुकसान हो जाने की आशंका जताई गई है।आरोप है कि आवेदन देने के बाद भी कोई भी प्रशानिक कार्रवाई नही हुई हैं और भी ज्यादा लंबा और चौड़ा सुरंग बना कर दुबारा से दीवाल ढाहने व जमीन धासने का प्रयास कर रहे हैं।

पीड़िता ने कहा है कि अभियुक्तगण कभी भी घटना को अंजाम दे सकते है। चेतना ने पुलिस अधीक्षक नगर निगम व नगर थाना प्रभारी से अभियुक्तो के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## गोमिया में दीदी नीलम आनंद की पुण्यतिथि मनाई गई

**गोमिया।** शिव शिष्य परिवार गोमिया की ओर से सोमवार को शिव शिष्य परिवार की बड़ी गुरु बहन दीदी नीलम आनंद की पुण्यतिथि गोमिया बस्ती में मनाई गई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित शिव शिष्य परिवार के सभी गुरु भाई एवं बहन द्वारा दीदी नीलम के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात हर हर भोला और जागरण भजन के साथ शिव गुरु चर्चा प्रारंभ की गई, जिसमें शिव गुरु चर्चा के साथ-साथ दीदी नीलम की जीवन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन गुरु भाई रोहित पासवान ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में शिव शिष्य परिवार के जिलाध्यक्ष भैया मुनीश कुमार वर्मा ने दीदी नीलम के जीवनी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और भजन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी ने भी शिरकत किया। मौके पर गुरु बहन सावित्री देवी, अनीता देवी, लीला देवी, सुमित्रा देवी, शीला रानी, नीतू कुमारी, रेखा देवी, वंदना देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

## लायंस क्लब दिल्ली वेज ने 11वीं चार्टर नाइट मनाई




**किशनगंज।** लायंस क्लब दिल्ली वेज (डिस्ट्रिक्ट 321-ए1) ने अपनी 11वीं चार्टर नाइट को एक्जीक्यूटिव क्लब रिसॉर्ट, छतरपुर, नई दिल्ली में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष लायन डॉ. पवन कंसल के नेतृत्व में आयोजित किया गया और इसकी अध्यक्षता चार्टर अध्यक्ष लायन डॉ. गौरव गुप्ता ने की। इस शाम में पूर्व अध्यक्ष लायन नवरत्न अग्रवाल और विशेष अतिथि श्री सौरभ तिवारी, संयुक्त सचिव, कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार और सुश्री शोभा तोमर की गरिमामयी उपस्थिति देखी गई।इस अवसर को मुख्य अतिथि, दिल्ला लुसिएन, चाड की राजदूत, जो लायंस क्लब ऑफ चाड रिपब्लिक की एक गौरवशाली लायन सदस्य भी हैं, की उपस्थिति ने और भी गरिमामय बना दिया। उपस्थित प्रमुख हस्तियों में पीडीजी लायन एम.एल. अरोड़ा, जिला कैबिनेट सचिव लायन राजेश गुप्ता और जिला कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन कटियार शामिल थे। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब दिल्ली वेज की नव निर्वाचित टीम की स्थापना पर प्रकाश डाला गया,

जिसमें शामिल थे:अध्यक्षः लायन कपिल खंडेलवाल सचिवः लायन सीए मुकुल गर्ग कोषाध्यक्षः लायन राजेश के. पांडे एक विशेष क्षण में, क्लब के पिछले अध्यक्षों के साथ-साथ नई टीम को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एन.के. गुप्ता की ओर से विशेष डिस्ट्रिक्ट पिन प्रदान किए गए। इस शाम को विशेष बालक देवांश द्वारा मधुर प्रदर्शन और मुद्रा कथक स्टूडियो की छात्राओं, जिनमें प्रभा और काव्या पासवान शामिल थीं, द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने जीवंत कर दिया। चार्टर नाइट न केवल क्लब की उपलब्धियों का जश्न था, बल्कि पिछले वर्ष के दौरान विभिन्न सामाजिक कल्याण गतिविधियों के प्रति इसके समर्पण की स्वीकृति भी थी। इस कार्यक्रम में क्लब के आदर्श वाक्यः ₹हम सेवा करते हैं₹ पर जोर दिया गया, जो अटूट उत्साह के साथ समाज की सेवा करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# देव प्रभा आाउट सोर्सिंग मे हुए विस्फोट से घरों के छत क्षतिग्रस्त

**धनबाद ।**

सोमवार की अपराह्न करीबन 1. 30 बजे बीसीसीएल के कुजामा ओसीपी में एलबी सिंह के द्वारा चलाये जा रहे एटी देव प्रभा आाउट सोर्सिंग मे हुआ हेवी बलास्टींग से उड़े पतंथर मोहरीबांध, लालटेनगंज के कई घरो के एलबेसटर व खपरैल छत पर गिरा। जिससे कई लोग बाल-बाल बचे। गुस्साये लोगों ने ओसीपी में जाकर बिरोध मे हंगामा किया। आउट सोरसिंग के एमडी कुम्भनाथ के लोगों ने ग्रामीणों को डंडे से पिटा। फायरिंग की। जागो भुइयां को लगी बाये हाथ में गेली, घनुआडीह ओपी मे मौखिक शिकायत कर ग्रामीणों नें विरोध मे मोहरीबांध मे झरिया बलियापुर मुख्य सडंक को जाम कर धरना पर बैठ गए ।झरिया विधायक पूर्णिमा निरज सिंह अपने समर्थकों के साथ दोषी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर धरना पर बैठी ।



लोगो ने कुम्भनाथ सिंह और उसके लठैतो पर डंडे से महिला पुरूष की पिटाई और फायरिंग कर गोली मारने का आरोप लगाया ।

एक व्यक्ति हुआ घायल

घायल अवस्था में जागो भुईया को धनबाद के एसएनएमीएच में कराया गया भर्ती।

मोहरीबांध के समीप टायर जला कर किया सड़क जाम, आउटसोर्सिंग प्रबंधन खिलाफ भड़का आक्रोश, पत्रकारों को कवरेज करने के दौरान किया विरोध ।

झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह अपने समरथकों के साथ धरने पर बैठ गई। आक्रोशित लोगों के द्वारा झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग मोहरीबांध के पास सड़क मार्ग को जाम कर दी गई ।पूर्णिमा नीरज सिंह ने मिडिया को बताया कि यह सारा खेल भाजपा के इशारे पर हो रहा हैं। जब तक जिन लोंगों के उपर आरोप लगे है उनपर एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी नहीं होती हैं तब तक हम भी धरने पर बैठे रहेगें।

झरिया सिओ, तिसरा थानेदार सुमन कुमार घनुडीह ओ़ पी प्रभारी पवन कुमार , झरिया पुलिस दल बल के साथ कैम्प किए हुए थे। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र कुमार रावत दलदल के साथ वार्ता कर सड़क मार्ग के जाम को हटाने के लिए प्रयास कर रहें थे। पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा धनबाद के सिनियर पुलिस अधीक्षक को स्थिति से अवगत कराई गई।डीएसपी ने सिटी एसपी से फोन पर विधायक पूरणीमा से बात कराया कारयवाई हेतु समय की मांग पर 24 घंटे का समय देते हुए मान गए । शाम लगभग छः बजे के आसपास सड़क जाम को हटाने मे पुलिस और प्रशासन के लोग कामयाब हुए। कुजामा व मोहरीबांध के सैकडो लोग विस्थापन का दंस झेल रहें हैं ।

### ● सांसद ढुल्लू महतो धरनास्थल पर पहुंचे

सांसद ढुल्लु महतो पहुचे धरना स्थल पर पहुंचकर डीएसपी से वार्ता कर कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक परियोजना में काम बंद रहेगा।अब मनमानी किसी की भी नही चलेगी , बीसीसीएल के अधिकारी, हो सीएमडी, ग्रामीणों को आश्वसत कर के घायलो से मिलने हेतु एसएनएमएमसीएच धनबाद चले गये ।

### ● आउट सोर्सिंग संचालक ने क्या कहा...

इस संदर्भ आउटसोर्सिंग संचालक कुंभनाथ सिंह ने फोन पर बताया कि बलास्टींग मे पत्थर उडंने की बात को लेकर के ग्रामीणों ने परियोजना मे वाहनों पर पथराव कर कर्मीयों के साथ मारपीट की,
गोली चलाने की बात से इंकार करते हुए कहा कि धक्का मुक्की मे किसी को चोट लगा हो, दवाब बनाने के लिए आरोप लगा रहे हैं ,पहले भी हम पर लोग आरोप लगाए हैं ।

